दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 26 अप्रैल-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 126 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3



## अमेरिका का बड़ा ऐलान : पहलगाम अटैक के आतंकियों को दबोचने में करेगा भारत की मदद

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला कश्मीर में अब तक का सबसे बर्बर हमलों में से एक है, जिसमें 26 पर्यटकों को निशाना बनाकर मार डाला गया। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि हमले के जिम्मेदारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, क्षेत्र में सुरक्षा और खुफिया तंत्र को अलर्ट पर रखा गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को समर्थन मिल रहा है। इस क्रम में अमेरिका ने बड़ा ऐलान किया है। अमेरिका ने कहा है कि वह पहलगाम हमले के आतंकियों को दबोचने में भारत की मदद करेगा। इसकी घोषणा ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने की. उन्होंने इस भयावह हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। तुलसी गबार्ड ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, इस भयावह इस्लामी आतंकी हमले के बाद हम भारत के साथ एकजुट हैं, जिसमें पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर मार डाला गया. मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दबोचने में आपका समर्थन करेंगे।

### डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर की थी बात

इससे पहले, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि भारत को अमेरिका का पूरा समर्थन प्राप्त है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था, कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भारत के अविश्वसनीय लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी संवेदना है। ट्रंप ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और पूरा समर्थन देने की पेशकश की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था, राष्ट्रपति ट्रंप ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत को पूरा समर्थन व्यक्त किया। भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक साथ खड़े हैं।

## आखिर गाजियाबाद के मासूमों को जाना होगा पाकिस्तान, पहुंचाया गया दिल्ली

### गाजियाबाद में रहने वाली हिंदुस्तानी मां से अलग होगी उसकी संताने



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों और सरकारों को निर्देश दिए गए थे कि उनके राज्य में रहने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर हटाया जाए और दिल्ली भेजा जाए ताकि वह पाकिस्तान अपने वतन वापसी करें। इसके बाद गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार का मामला भी इससे जुड़ा हुआ है। अब यहां रहने वाले दो मासूम पाकिस्तान जाएंगे जबकि उनकी मां हिंदुस्तानी है और पिता पाकिस्तानी होने के बाद भी कोई हल नहीं निकल सका है।

पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए अधिकारियों ने दोनों बच्चों को दिल्ली भेज दिया है, जहां से उन्हें पाकिस्तान लेकर जाया जाएगा। बताया जा रहा है कि बच्चों के पिता को भी फोन कर दिया गया है ताकि वह बॉर्डर से बच्चों को लेने आ सकें।




### आदेश के आगे मां की ममता पड़ गई कम

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद में रहने वाली महिला के लिए अपने तीन और 6 साल के बच्चों से अलग होना कितना दर्दनाक है और उसे कितनी पीड़ा हो रही है यह उसके सिवा कोई नहीं समझ सकता लेकिन केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए अधिकारियों ने दोनों बच्चों को दिल्ली भेज दिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात उन्हें दिल्ली से पाकिस्तान बॉर्डर के लिए रवाना किया जाएगा, जहां इन बच्चों के पिता उन्हें रिसीव कर अपने साथ घर ले जाएंगे। बता दें कि लगभग नौ साल पहले गाजियाबाद घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली मुस्लिम महिला की पाकिस्तान में रहने वाले व्यक्ति से शादी हुई थी। दोनों परिवारों का आपस में लंबे समय से संपर्क भी बताया जा रहा है। बावजूद इसके कोई हल नहीं निकल सका जिसके चलते दोनों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है।

## उपनिरीक्षकों, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों के जल्द बदलेंगे ठिकाने

### टू-स्टार एक जोन में अधिकतम दो साल, तो हेड कांस्टेबल पांच साल रह सकता है तैनात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए फरमान आ रहे हैं। तो कुछ बदलाव भी होने शुरू हो गए हैं। पुलिस के अधिकारियों के कुछ आदेश पुलिसकर्मियों को राहत देने वाले हैं। तो कई टेंशन बढ़ाने वाले भी बताए जा रहे हैं। बीते दिनों पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड़ ने कर्मचारियों और अधिकारियों की जोनल नियुक्ति की समय अवधि निर्धारित की है। जिसमें कोई भी उपनिरीक्षक एक जोन में अधिकतम दो वर्ष तक तैनात रह सकता है। तो वहीं हेड कांस्टेबल नगर जोन में अधिकतम चार साल, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में अधिकतम तीन-तीन साल ही रह सकता है। वहीं कांस्टेबल एक जोन में अधिकतम पांच साल रह सकता है। उधर पुलिस कमिश्नर के दिए गए इस निर्देश का आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय से ऑफिस एवं अन्य सेल में जमे अन्य पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव होगा, जो एक जोन में इस अधिकतम समयसीमा को पार कर चुके हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि यह समय सीमा कब से कब तक की रहेगी।

### हेड कांस्टेबल नगर जोन में चार साल, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण में तीन-तीन साल

#### कई अधिकारियों के ऑफिस स्टाफ के बदलेंगे फेस



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर के नए फरमान का असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले उन साहब लोगों के कार्यालय पर भी देखने को मिलेगा, जिनके कार्यालय में लंबे समय से हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल जमे हुए हैं। तो वहीं उन उपनिरीक्षकों को भी अपना जोन छोड़ना पड़ेगा जो एक ही थाना या चौकी क्षेत्र के अलावा जोन में अपना डंका बजा रहे थे। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि कई अधिकारियों के कार्यालय ऐसे हैं जहां कुछ खास पुलिसकर्मी लंबे समय से जमे हुए हैं।

#### उपनिरीक्षकों के जल्द बदलेंगे जोन

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में दो-दो साल का समय बिता चुके उपनिरीक्षकों का जल्द ही जोन परिवर्तन होगा। जिसके बाद कई थानों और चौकियों के समीकरण भी बदलेंगे। तो वहीं कई जगह नए फेस भी नजर आएंगे। देखना होगा कि आने वाले दिनों में कब यह आदेश अमल में आता है और उसके बाद फेरबदल वाला सिलसिला कब शुरू होता है।

## यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने कहा : उचित समय पर लेंगे प्रतिकार



### हमारी अवधारणा वसुधैव कुटुंबकम की, लेकिन राष्ट्र विरोधी ताकतों को देंगे कड़ा जवाब

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पहलगाम आतंकी नरसंहार पर भाजपा नेता यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नीरज सिंह ने कहा है कि मुझे यह कहने मे कोई गुरेज नहीं है कि यह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद है। हमारा धर्म तो हमें वसुधैव कुटुंबकम सिखाता है, लेकिन यह समझ लेना भी जरूरी है कि हमारी यह अवधारणा हमारी कायरता नहीं है। नीरज सिंह ने कहा कि समय आने पर हम अपना प्रतिकार इस रूप में दिखाएंगे कि पूरा विश्व देखेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने प्राण पहलगाम में खोए हैं उन दिवंगतों को लेकर मन बहुत व्यथित है। नीरज सिंह ने कहा कि मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दोहराए गए उनके संकल्प को बहुत बेहतर समझता हूं। उन्होंने बिहार की धरती से अपने संकल्प के साथ एक मैसेज दिया है। नीरज सिंह ने कहा कि समय आएगा जब पूरा विश्व देखेगा कि हमारी अखण्डता को अगर कोई भी भंग करने का प्रयास करेगा तो उसका क्या हश्र होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ हमारा प्रतिकार पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण रहेगा।

# पहलगाम हमले का जारी है गाजियाबाद में जनाक्रोश, रोजाना हो रहे हैं प्रदर्शन

## सांसद, विधायक, महानगर अध्यक्ष रहे शामिल, व्यापारी नेताओं और किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

### पुराने शहर के प्रमुख बाजार रहे दो घंटे के लिए बंद, जगह-जगह हुआ प्रदर्शन और फूंके गए आतंकवाद और पाकिस्तान के पुतले










**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों में लोगों, नेताओं से लेकर किसान यूनियन और अलग-अलग संगठनों का लगातार प्रदर्शन, जुलूस, मौन, श्रद्धांजलि, पुतला दहन कार्यक्रम जारी है। तो शुक्रवार को पुराने शहर और गाजियाबाद के चारों गेट के अंदर के सभी व्यापार मंडल ने एक साथ आकर सुबह करीब 10 बजे से 12 बजे तक अलग-अलग प्रमुख बाजार जिसमें सिहानी गेट, डासना गेट, चौपला मंदिर, घंटाघर, रमते राम रोड को बंद रखा गया। इस दौरान पहले पुराने शहर के प्रमुख बाजारों में आतंकवाद की शव यात्रा निकालने के बाद दुर्गा भाभी चौक के निकट पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। तो वहीं भारत सरकार से आतंकियों पर कठोरतम कार्रवाई करने की मांग उठी है। इस दौरान नेताओं और व्यापारियों में आक्रोश नजर आ रहा था, साथ ही पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी गूंज रहे थे। प्रदर्शन व आंदोलन को देखने हुए किए स्थानों पर पुलिस को लगाया गया था। वहीं शांति व्यवस्था के लिए अधिकारी भी नजरें रखे हुए थे।

### सांसद अतुल गर्ग भी पहुंचे व्यापारियों के साथ श्रद्धांजलि भी दी




**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग भी पुराने शहर में व्यापारियों द्वारा व्यापार मंडल के बैनर तले आतंकी हमले की निंदा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने इस दौरान पहलागाम में शहीद हुए सैलानियों को श्रद्धांजलि दी। तो व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि केंद्र की सरकार पाकिस्तान को करारा जवाब देगी। आतंकवाद करने वाले लोगों को साथ वैसा ही सलूक किया जाएगा, जैसा आतंकियों ने भारत के कश्मीर में किया है। वहीं व्यापारी संगठनों के गुस्से को देखकर उन्होंने कहा है कि जल्द ही पाकिस्तान को उसकी भाषा में भारत सरकार जवाब देने वाली है।

### पाकिस्तान मुदार्बाद ,आतंकवाद हाय-हाय के लगे नारे



**करंट क्राइम :** शहर के पुराने बाजारों में शुक्रवार को नजारा अलग था, इस दौरान व्यापारी नेता और स्थानीय लोग पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवाद हाय-हाय के नारे लगा रहे थे, तो बड़ी संख्या में शव यात्रा में व्यापारी भी शामिल हुए हैं। सभी ने पाकिस्तान को सबक सिखाने और जल्द ही आंतकियों के इलाज करने की मांग की है। वहीं जल्द से जल्द पाकिस्तान को उसके घर में घेरने की भी आवाज बुलंद रही।

### शहर में विधायक संजीव शर्मा, तो लोनी में नंदकिशोर गुर्जर ने आतंकियों को दी चेतावनी






**करंट क्राइम :** शुक्रवार को शहर के पुराने इलाके में व्यापारियों के साथ व्यापार मंडल एकत्रित हुआ और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए पहले शव यात्रा और फिर पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मारे गए पर्यटनों को श्रद्धांजलि दी गई। तो आतंकवाद का पुतला फूंकते हुए भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ व्यापारियों के साथ नजर आए। वहीं भाजपा के सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि जिस तरीके से पहलगाम में हमला हुआ है ,यह है कश्मीर ही नहीं देश पर हमला है। केंद्र सरकार पूरी रणनीति बना रही है, पाकिस्तान और आतंकवाद करने वालों को सबक सिखाया जाएगा। वहीं शुक्रवार शाम को लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने लोनी की जनता के साथ जनआक्रोश कैंडल मार्च एवं आतंकवाद का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम विधायक कार्यालय बलराम नगर निकट एसबीआई बैंक लोनी तिराहे पर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोनी के स्थानीय भाजपा नेता और प्रमुख लोग शामिल हुए। सभी ने आतंकवादियों को सबक सिखाने और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की है। तो वही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से पाकिस्तान के इशारे पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया है, जल्द ही केंद्र सरकार इसका बदला लेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह जैसे शीर्ष नेताओं ने जिस तरीके से पहले भी पाकिस्तान को घर में घुसकर सबक सिखाया था, तो सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तो वहीं एयर स्ट्राइक भी की गई थी, इस बार भी पाकिस्तान को सबक सिखाया जाएगा।

### किसान यूनियन ने किया जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन



**करंट क्राइम :** शुक्रवार को ही किसान यूनियन की अलग-अलग इकाइयों ने एकत्रित होकर जिला मुख्यालय गाजियाबाद पर पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया। तो वही आतंकवादियों का पुतला फूंक केंद्र सरकार से मांग की है कि पाकिस्तान को उसी के भाषा में जवाब दिया जाना चाहिए। साथ ही जिस तरीके से कश्मीर के मिनी स्विट्जरलैंड में आतंकवादियों ने निहत्थे और लोगों का धर्म पूछ कर उनकी हत्या की है, ऐसे लोगों के साथ किसी भी तरह की मानवता दया छोड़कर इस क्रूरता के साथ बदला लेने के भी वकालत की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से जल्द ही पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई और फैसले लेने की भी मांग की।

### दिल्ली गेट व्यापार मंडल से लेकर गोल मार्केट तक के व्यापारी हुए शामिल



**करंट क्राइम :** पुराने शहर में व्यापार मंडल के साथ बाजार वाले भी आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए सड़कों पर उतरे। इसमें मुख्य रूप से दिल्ली गेट व्यापार मंडल के संरक्षक एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेहंदी वाले, सिहानी गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग, सर्राफा एसोसिएशन कन्हैयालाल मार्केट चौपला के अध्यक्ष बृजेश वर्मा, डासना गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, अग्रसेन बाजार व्यापार मंडल से कोषाध्यक्ष रोहित, चौपला मंदिर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, गोल मार्केट के राकेश बवेजा, रमते राम रोड के अध्यक्ष राकेश स्वामी के साथ ही पुराने व्यापारी नेता गोपीचंद अग्रवाल, पार्षद नीरज गोयल ,राजीव शर्मा ,अशोक चावला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता और भाजपा से जुड़े पदाधिकारी शामिल रहे।

# वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर नगर आयुक्त ने अधिकारियों को किया मोटिवेट, सी एंड डी वेस्ट निस्तारण हेतु निर्माण से की चर्चा

## कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के लिए जन-जन का जागरूक होना स्वच्छ शहर के लिए जरूरी -नगर आयुक्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वायु गुणवत्ता सुधार के लिए विभागीय अधिकारियों से बैठक की। बैठक में निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और उद्यान विभाग की टीम उपस्थित रही। बैठक में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु चल रहे जोनवार कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा में जन समस्याओं के समाधान के साथ-साथ शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के लिए कार्य विभाग कर रहा है। बैठक में मोहन नगर तथा विजयनगर जोन को कार्य की रफ्तार बढ़ाने की निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने शहर की स्वच्छता को बरकरार रखना और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट निस्तारण की कार्यवाही को 15 दिन के भीतर प्रभावपूर्ण बनाने के लिए टीम को कहा गया। जिसमें मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को प्रबल मॉनिटरिंग करते हुए सी एंड डी वेस्ट फैलाने वालों पर जुमार्ना वसूलने के निर्देश दिए गए। गाजियाबाद नगर निगम शहर को धूल मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत दिखाई दे रहा है जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टीम को मोटिवेट किया जा रहा है विशेष रूप से निर्माण विभाग को कार्य में निपुणता दिखाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## संजय नगर में साप्ताहिक बाजार संगठन ने निकाली आक्रोशित रैली




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पहलगाम में 28 निर्दोष सैलानियों को मारने वालों के विरुद्ध पूरे देश क्या दुनिया में आक्रोश है। इसी आक्रोश को लेकर संजय नगर के साप्ताहिक बाजार एसोसिएशन ने सर पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए पूरे संजय नगर में एक पद यात्रा निकाली। रैली का नेतृत्व वरिष्ठ समाजसेवी वी केअग्रवाल एवं क्षेत्रीय पार्षद उमेश नागर पप्पू और राजकुमार कश्यप तथा साप्ताहिक बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष नफीस अहमद ने किया। इस रैली में प्रमुख रूप से सत्यवीर सिंह सत्य, रमेश पाल, जुबेर खान, परेश भाई साहिल, राजकुमार प्रधान बॉबी असरार, मोंटी मोनू गोयल, संजय गौतम, अरविंद कुमार, आकाश अंकुर, आमिर खान, नदीम खान, आरिफ खान, सद्दाम, रिंकू, प्रदीप व रविंदर प्रमुख रूप से शामिल हुए।




## एक ही परिसर में बैठेंगे दोनों एडिशनल सीपी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में धीरे-धीरे नए समीकरण बन रहे हैं, तो नई योजनाएं व अभियान शुरु हो रहे हैं। वहीं बीते दिनों आई एक लिस्ट के बाद फिर पुलिस कमिश्नरेट में समीकरण बदले हैं। जो जिम्मेदारी पहले मैडम के पास थी वो अब नए वाले एडिशनल सीपी के पास होगी। तो वहीं लंबे समय से खाली चल रहे एक पद पर पोस्टिंग हो गई है। इस पोस्टिंग के लिए कहा जा रहा है कि सीधे हेडक्वार्टर से जारी हुई सूची का ही कमाल है। कहा जा रहा है कि इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में फिर समीकरण बदल गए हैं। सुनने मे आया है कि लंबे समय से खाली चल रहे एक कार्यालय को नया फेस मिला है। तो उनको वर्किंग के लिए नई टीम भी मिल गई है। बताया जा रहा है कि पुराने एडिशनल सीपी की चुनी हुई टीम नए एडिशनल सीपी को दी गई है। वैसे नए पुलिस कमिश्नर के आने के बाद गाजियाबाद कमिश्नरेट में कई तरीके के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। तो बेहतर पुलिसिंग और वर्किंग भी शुरू हो गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरट गाजियाबाद के जिस मुख्य ऑफिस में वाहन पार्किंग को लेकर अफरातफरी और बेतरतीब वाला मामला रहता था, अब वहां बाकायदा यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। इसके साथ ही बाहरी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। तो पुलिस और मीडिया वालों को ही यहां प्रवेश दिया जा रहा है। कुल मिलाकर धीरे-धीरे पुलिस ऑफिस और उसके आसपास की स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दोनों एडिशनल सीपी एक ही परिसर में बैठेंगे। मैडम जहां पुराने वाले ऑफिस में रहेंगी। तो नए वाले साहब के लिए नया ऑफिस भी बनवाया जाएगा। इसके दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं जब तक नया ऑफिस नहीं बनेगा, तो नए वाले साहब कैंप वाले कार्यालय से ही अपना प्रभार और कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने कमिश्नरेट में होने वाले क्राइम और कानून व्यवस्था की स्थिति को कंट्रोल करने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वैसे बताया जा रहा है कि एडिशनल सीपी स्तर के दोनों अधिकारियों के कार्यालय ऊपर नीचे होंगे। वहीं बताया जा रहा है कि नए कमिश्नर का आधा स्टाफ अभी पुराने वाले कार्यालय से ही अपनी सेवाएं दे रहा है। जल्द ही उनको भी कमिश्नरेट वाले नए ऑफिस में स्थान दिया जाएगा।




# पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में कौशांबी के लोगों ने किया प्रदर्शन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में लगातार शुक्रवार को कौशांबी में प्रदर्शन कर केंडल मार्च निकाला गया। पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले फूंके गए। इस मौके पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कौशांबी में एक कैंडल मार्च का आयोजन किया। इस शांतिपूर्ण लेकिन भावनात्मक प्रदर्शन में स्थानीय जनता की भारी भागीदारी देखने को मिली। कैंडल मार्च के माध्यम से लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंक के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। मनोज गोयल ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया, जो आम जनता के आक्रोश और आहत भावनाओं का प्रतीक बन गया। पाकिस्तान मुदार्बाद के गगनभेदी नारों से कौशांबी की फिजा गूंज उठी। लोगों की आंखों में गुस्सा, दर्द और देशभक्ति का मिला-जुला भाव साफ नजर आ रहा था। हर कोई यही मांग कर रहा था कि केंद्र सरकार अब निर्णायक कदम उठाए और पाकिस्तान को उसकी हरकतों का करारा जवाब दे। इस अवसर पर सुरेंद्र, सुनील गांधी, पंडित राजेंद्र, शोभा रानी बरनवाल, विभा गुप्ता, गौरव वर्मा, श्यामवीर भदोरिया, मुरारी सेठ, पवन सैनी, एके महेश्वरी, चंद्र प्रकाश, अजीत सिंह, विनय महेश्वरी, राकेश मित्तल, मुदित कुमार, मनीष मनोढिया, सरदार जसपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सोना महंगा होने से छीना, झपटी जैसी घटनाएं बढ़ने का खतरा: नकुल वर्मा

## सोने का रेट तेजी से बढ़ने का मुख्य कारण अमेरिकी डॉलर कमजोर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन पार सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष नकुल वर्मा का कहना है कि अमेरिका चीन में टैरिफ को लेकर असमानता, इस व्यापार युद्ध की अनिश्चितता के कारण सोने की खरीदारी बढ़ गई है। लोगों को अपना भविष्य अब सोने में नजर आ रहा है, प्रॉपर्टी के बाद दूसरा विकल्प अब सोना ही है। बाजार में सोने की बढ़ती कीमतों का प्रभाव अब लोगों का रुझान ज्वेलरी सेक्टर की जगह बुलियन तथा सोने के सिक्के की तरफ ज्यादा है, जिसके कारण ज्वेलर्स की दुकान बिल्कुल खाली हैं। कारीगर खाली हैं स्टाफ के पास कोई काम नहीं है शादी का बजट अगर 10 लाख रुपए का था। तो वह बढ़कर 20 लाख रुपए का हो गया है, जिससे मध्यम वर्ग की परेशानी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। मार्केट में सोने का रेट बढ़ने के कारण जो छोटे ग्राहक 30 हजार से 40 हजार की खरीदारी करने वाले थे वह अब मार्केट से गायब हो चुके हैं। मार्केट में ज्वेलरी बाजार बिल्कुल ठंडे पड़े हैं।

### सोना मंहगा होने से अपराधिक गतिविधियों में हुई बढ़ोतरी

करंट क्राइम। सोने के रेट बढ़ने से अब सोने की चोरी, लूटमार, छीना झपटी जैसी घटनाएं अत्यधिक बढ़ने का खतरा है। नकुल वर्मा ने आमजन से अपील की है कि सोने की चेन कड़ा भारी ज्वेलरी पहन कर मार्केट में ना जाएं। सोने का भाव अत्यधिक बढ़ाने के कारण 20, 25 ग्राम सोने की ज्वेलरी का नुकसान अब दो ढाई लाख रुपए से ज्यादा का हो जाएगा जो वैसे भी बहुत ज्यादा है। सभी ज्वेलरी दुकानदार भाइयों से अनुरोध है कि सोने में जो रिकॉर्ड तेजी आई है इसके कारण लूट मार डकैती की घटनाएं बढ़ सकती हैं। इसलिए दुकान में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं व कोशिश करें कि अकेले ना बैठे, स्टाफ व गार्ड अवश्य रखें। शाम को दुकान से जाते समय रास्ते बदल बदल कर जाएं और अपनी गाड़ी में सुरक्षा के जो भी सामान रख सकते हैं अवश्य रखें।

# बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल ने आतंकवाद का फूंका पुतला



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल ने आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन और प्रतिरोध देखने को मिले हैं। व्यापारी संगठनों ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है। और कुछ मामलों में प्रतिष्ठान बंद करके या पुतला दहन करके विरोध प्रदर्शन भी किए हैं। बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तान के पुतले के साथ जुलूस निकाला और आतंकवाद का पुतला दहन किया। उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य इन आतंकवादी घटनाओं से नाराज हैं और सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। कुछ मामलों में, व्यापारियों ने सरकार को आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी उपाय करने के लिए भी कहा है। उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी ने कहा है कि अब भारत बहुत सशक्त है और किसी भी आतंकवादी घटना को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर जसवीर त्यागी, मुकेश जैन, अनुज दुआ, सुरेश पाल, अजय त्यागी, गोपाल, विक्रम चौधरी व भूपेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में भूटान के 60 शिक्षकों हेतु इमर्शन प्रोग्राम




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 25 अप्रैल 2025 को नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद ने भूटान से पधारे 60 शिक्षकों के समूह के लिए एक विशेष और समृद्ध इमर्शन प्रोग्राम की मेजबानी की। यह कार्यक्रम भूटान के शिक्षा मंत्रालय एवं कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शैक्षिक विकास और वैश्विक शैक्षिक आदान प्रदान को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सुश्री प्रीति हिंगोरानी, सीनियर एजुकेशून एडवाइजर दक्षिण एशिया पार्टनरशिप फॉर एजुकेशन, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट, इंडिया ने किया। उनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम के आरम्भ में स्कूल के निदेशक डा० अरुणाभ सिंह ने अतिथियों का स्वागत करजे हुए भारत व भूटान के सांस्कृतिक संबंधों की चर्चा की। एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने कैम्ब्रिज पाठ्यकम पर प्रकाश डाला। नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा आयोजित विद्यालय भ्रमण, कक्षा अवलोकन, और शिक्षक संवाद जैसी गतिविधियों में शिक्षकों न भाग लिया। स्कूल ने अपनी श्रेष्ठ शिक्षण पद्धतियाँ, छात्र सहभागिता और समावेशी शिक्षा के उदाहरण प्रस्तुत किए, जिससे भूटानी शिक्षकों को शिक्षण के नए तरीके जानने को मिले।

## इंदिरापुरम व्यापार मंडल ने आतंक के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम व्यापार मंडल द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में निर्दोष नागरिकों की उग्रवादियों द्वारा निर्मम हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला आतंकियों का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमबीर यादव, महासचिव दिनेश सक्सेना, पार्षद राधेश्याम त्यागी, अरुण त्यागी, सतीश कसाना, उमाशंकर तोमर, मनोज डागर, संजय शर्मा और मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर सहित सैकड़ों व्यापारी ने निर्दोष नागरिकों की हत्या के प्रति अपना विरोध प्रकट किया। और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान व्यापार मंडल कार्यालय काला पत्थर रोड से विरोध प्रदर्शन (पैदल मार्च) करते हुए मंगल बाजार पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पुतला दहन किया।




### कौन सी सरकारी लैंड को लेकर बजने वाला है फूल वालों में इंटरनल बैंड

जमीनी राजनीति तो सुना हुआ शब्द है लेकिन जमीन को लेकर राजनीति का किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है। जज्बा ऐसा कि जमीन किसी की है और कब्जा कोई और हटवा रहा है। रेलवे की जमीन है और निगम वाली मैडम ने खड़े होकर बुल्डोजर चलवाया। सेना की जमीन है और विधायक जी रक्षामंत्री तक लैटर तक पहुंच गये और जमीन खाली करवाकर माने। अब वो चाहते हैं कि रेलवे वाली जमीन भी किसी काम आ जाये। यहां तक तो ठीक है लेकिन शहर में उस लैंड को लेकर फूल वालों में बगावत का बैंड बजने वाला है जिस लैंड पर फूल वाले एक्स पार्षद का कब्जा है। इस जमीन पर पहले एक विधायक जी एक्शन ले रहे थे। वो तब की बात है जब वो जिला पंचायत अध्यक्ष थे। विधायक जी का दिल बड़ा है और अनुरोध के बाद उन्होंने फिर इस मामले में कोई गतिरोध नहीं किया, कोई प्रतिरोध नहीं किया। मगर सुना है कि निगम वाली मैडम की निगाह आर्यसमाज वाली इस जमीन पर आ गई है। आर्य जी का कब्जा है और दोनों ही भाजपाई हैं। अब देखते हैं कि भाजपाई के कब्जे से भाजपाईन कैसे जमीन मुक्त कराती है।

### इस हिसाब से तो बन लिये हाथ वालों के यहां वार्ड से लेकर जिले के प्रभारी

हाथ वालों के यहां भी कमाल ये है कि रस्सी जल गई मगर बल जाने को तैयार नहीं है। जमानत विधानसभा में जब्त है और क्रान्ति की उम्मीद वार्ड वालों से लगाए हुए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि कांग्रेस के फ्यूज बल्ब अभी भी मानने को तैयार नहीं है कि करंट खत्म हो चुका है। यहां वालों से चार हाथ आगे दिल्ली वाले चल रहे हैं। वो ऐसे ऐसे तकमिन्ने काट रहे हैं कि जैसे कांग्रेस के दरवाजे पर ज्वाईन करने वालों की लाईन लगी हो। रोज एक नई डिमांड आ जाती है और सुना है कि उन्होंने कह दिया है कि जो एक्टिव ना हो वो तो हमारे पास ही ना आये। यह सुनकर पुराने कांग्रेसी ने भी जोर का ठहाका लगाया और कहा कि इस हिसाब से तो बन ली कांग्रेस वालों की टीम और लड़ लिये ये चुनाव। उसने कहा कि मिल नहीं रहा इन्हें घरवालों का भी साथ और दूसरों से ये उम्मीदें कि अपने मौहल्ले में करा दे तू हमारी जिंदाबाद। बन ली जी ऐसे तो टीम।

### सुनो महावतों ना मशाल में नजर आ रहे ना जुलुस में दिख रहे हो

वैसे तो हाथी वालों की ये पुरानी परिपाटी है कि वो जनमुद्दों पर कभी सड़क पर नहीं आते। वो अगर अपना कैडर भी करेंगे तो हिंदी भवन पहुंच जायेंगे। वो बैठक भी करेंगे तो दरवाजे बंद कर लेंगे। जब जनता के मुद्दों को लेकर जनता के बीच ही नहीं हो तो तुम्हें कौन नेता मान रहा है। आतंकी हमला हो गया और कहीं तो नजर आओ। कहने वाले ने कहा कि ये महावत ना तो पाकिस्तान को कोसते नजर आये और ना ही हिंदुस्तान की सरकार के विरोध में नजर आये। ऐसा लग रहा है कि जैसे पहलगाम में अगर कोई नीला महावत मर जाता तो ये विरोध करने आते। अन्यथा तो कोई मरे और कोई जीवे, इनका नीला हाथी तो घोल बतासा पीवे, इनकी सियासी ट्यूनिंग ही सबसे अलग है।

## राणा प्रताप हा० सै० स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत


राहुल


लक्ष्मी चौहान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राणा प्रताप हा० सै० स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थियों ने सभी विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किये। राहुल के हिन्दी में 82, लक्ष्मी चौहान के विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में 82 अंक प्राप्त किये। इस परिणाम को सफल बनाने में सभी अध्यापको का पूर्ण योगदान रहा। परीक्षा के दिनों में अध्यापको द्वारा सभी छात्र-छात्राओं की कक्षायें शाम को भी लगाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डां० पूनम शिशौदिया जी ने सभी विद्यार्थियों को सफलता की बधाई दी और कहा कि कड़ी मेहनत करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

## वीवीआईपी एसोसिएशन के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें, जताया विरोध पाकिस्तान मुदार्बाद के लगे नारे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की हुई हत्या की घटना को लेकर वसुंधरा वैशाली इंदिरापुरम सरार्फा व्यापारियों में आक्रोश का माहौल है। वीवीआईपी एसोसिएशन के महासचिव मनीष वर्मा ने पाकिस्तानी उत्पादों के बहिष्कार की अपील मंगलवार को पहलगाम में हुए, इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे और घूमने के लिए कश्मीर आए थे। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ प्रदर्शन नहीं है, ये आतंकवाद के खिलाफ एक सामूहिक विरोध है। हम सभी इस लड़ाई में एकजुट हैं और पहलगाम में जान गंवाने वालों की याद में बंद का आयोजन कर रहे हैं। सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी व्यावसायिक संबंध खत्म करने और भारत में पाकिस्तानी उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील की। इस बंद से आज वसुंधरा वैशाली इंदिरापुरम के दर्जनों से ज्यादा मार्केट की सैकड़ों से ज्यादा दुकानों में कारोबार नहीं होगा और करीब करोड़ों रुपये का व्यापार ठप रहेगा। कपड़ा, मसाले, बर्तन और सरार्फा जैसे क्षेत्रों के अलग-अलग व्यापारी संघ भी बंद में शामिल हुए। इस मौके पर वीवीआईपी एसोसिएशन के अध्यक्ष बीके वर्मा, एसोसिएशन ऑफ सेंट्रल मार्केट, वैशाली अध्यक्ष, प्रहलाद दुआ, ऋषि सिंह, राहुल बेरी, दीपक गर्ग, तन्मय त्यागी, दीपक खन्ना, शोभित रस्तोगी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शनिवार 26 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# नहीं बनी जब आपसी सहमति वाली बात

## आज कलक्ट्रेट में होगा कर्मचारी संघ का चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को कलक्ट्रेट के कर्मचारी नेता अपने कर्मचारी संघ के चुनाव के लिये आपसी सहमति बनाने के लिये बैठे। किसी को बिठाने का अनुरोध तो किसी को लड़ाने की बात थी, लेकिन चाय समोसों के बाद बात नहीं बनी और फिर ये ऐलान हो गया कि अब कर्मचारी संघ का चुनाव होगा। ये रणभेरी आज यानी शनिवार को कलक्ट्रेट में बजेगी। कलक्ट्रेट में कर्मचारी संघ का चुनाव होगा।







### अध्यक्ष पद पर सतेंद्र-सतबीर-प्रमोद कुमार लड़ेंगे चुनाव

**करंट क्राइम।** अध्यक्ष पद के लिये त्रिकोणीय मुकाबला है। अध्यक्ष पद के लिये तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां पर अध्यक्ष पद की बात करें तो न्यायिक अभिलेखापाल सतबीर सिंह अध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं। इसके अलावा सीआरए सतेंद्र चौधरी अध्यक्ष पद के लिये चुनावी मैदान में हैं और न्यायिक सहायक प्रथम प्रमोद कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। यहां हालांकि सीधा मुकाबला प्रमोद कुमार और सतेंद्र चौधरी के बीच माना जा रहा है।

### सचिव पद के लिये सुमित ठाकुर, इमरेंद्र आशीष के बीच मुकबाला

**करंट क्राइम।** कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ चुनाव के लिये जहां अध्यक्ष पद के लिये त्रिकोणीय मुकाबला है वहीं सचिव पद के लिये दो लोग मैदान में हैं। एसडीएम सदर के स्टेनो सुमित ठाकुर सचिव पद के लिये मैदान में हैं। वो मौजूदा समय में भी इसी पद पर हैं और राजस्व सहायक तृतीय इमरेंद्र आशीष ने भी सचिव पद के लिये ताल ठोंक दी है। जहां अध्यक्ष पद के लिये प्रमोद और सतेंद्र के बीच मुकाबला है वहीं सचिव पद में भी मुकाबला कांटे का बताया जा रहा है। यहां परिवर्तन का जनादेश भी हो सकता है।

### शुक्रवार का दिन रहा गहमा-गहमी के नाम

**करंट क्राइम।** शुक्रवार को सब ये सोचकर बैठे थे कि सहमति बना लेंगे और चुनाव की नौबत नहीं आएगी, लेकिन बताया जाता है कि यहां पुरानी बातों को लेकर पेंच फंस गया। किसी ने पुराने वादे को मानने से इनकार कर दिया। दो दावेदार अड़ गए और इनमें से कोई भी बैठने को तैयार नहीं था। प्रशासनिक अधिकारी वीर सिंह ने दोनों पक्षों को मनाने की कोशिशें की लेकिन बात नहीं बनी। यहां बताते हैं कि दो साल पहले का सीन आया। बताया गया कि ये चुनाव नवंबर में होना था। दो साल पहले वाले चुनाव में ये तय हुआ था कि इस बार प्रमोद बनेंगे और अगली बार सतेंद्र बनेंगे। इस वादे के हिसाब से इस बार सतेंद्र की बारी थी, लेकिन ऐन टाइम पर दूसरे पक्ष ने बैठने से इनकार कर दिया। बहुत प्रयास हुए और जब बात नहीं तो फिर अध्यक्ष और सचिव पद पर चुनावी शंखनाद का ऐलान हो गया। यहां सतेंद्र चौधरी ने अपनी बात का संदेश दिया जबकि सतबीर सिंह इस बात पर अडिग थे कि मैं तो चुनाव लड़ूंगा। वहीं कर्मचारियों की एक टोली याद दिला रही थी कि पिछली बार प्रमोद ने कुबार्नी दी है और अब इस बात विचार हो, लेकिन जब लाख कोशिशों के बाद भी बात नहीं बनी तो फिर चुनाव की रणभेरी बज गई।

### आज कलक्ट्रेट में रहेगा चुनावी बयार का असर

**करंट क्राइम।** यदि आप आज कलक्ट्रेट के किसी विभाग में किसी काम से जा रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि आज कलक्ट्रेट में इलेक्शन हैं। आज कलक्ट्रेट के गलियारों में चुनावी बयार का असर रहेगा। कलक्ट्रेट के बाबू आज सुबह से चुनावी मोड में दिखेंगे। कुछ वोटर हैं, कुछ सपोर्टर हैं, कुछ चुनाव अधिकारी है, कुछ सहायक चुनाव अधिकारी हैं। ऐसे में पहले मतदान पर जोर रहेगा, फिर मतगणना और उसके बाद ढोल और लड्डू की बेला आ जाएगी। 11 बजे से मतदान होना है और मतगणना के बाद मिठाई वाली बेला शाम पांच बजे तक रहेगी और उसके बाद कार्यदिवस अगले दिन शुरू होगा। ऐसे में यदि आप आज कलक्ट्रेट में किसी काम से जा रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें।

### 11 बजे से शुरू होगा चुनाव 49 कर्मचारी करेंगे मतदान

**करंट क्राइम।** कलक्ट्रेट में कर्मचारी संघ का चुनाव आज है। ये चुनाव अहम माना जाता है और कलक्ट्रेट की कर्मचारी राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा ये चुनाव माना जाता है। कर्मचारी बढ़-चढ़कर इसमें भाग लेते हैं। जब आपसी सहमति से बात नहीं बनी तो ये तय हो गया कि चुनाव होगा। आज 11 बजे से अध्यक्ष और सचिव पद के लिये मतदान होगा। इस चुनाव में 49 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### केके शर्मा और मधुबाला सक्सेना रहेंगे चुनाव अधिकारी

**करंट क्राइम।** कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव आज होगा। यह चुनाव अध्यक्ष और सचिव पद के लिये हैं। अन्य पदों के लिये माना जा रहा है कि आपसी सहमति बन रही है। चुनाव की घोषणा हो चुकी है और आज शनिवार को जब चुनाव होगा तो कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी केके शर्मा और प्रशासनिक अधिकारी मधुबाला सक्सेना यहां चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। वहीं सहायक राजस्व ललित बिहारी शर्मा तथा सेवानिवृत्त बिल क्लर्क सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहेंगे।

### कोषाध्यक्ष से लेकर संगठन मंत्री पर बन गए आम सहमति

**करंट क्राइम।** अध्यक्ष पद के लिये चुनाव होगा। सचिव पद के लिये भी चुनाव होगा, लेकिन सूत्र बताते हैं कि कुछ पद ऐसे हैं जिनकी घोषणा तो अध्यक्ष-सचिव के निर्वाचन के बाद होगी, लेकिन इन पर लगभग आम सहमति बन चुकी है। इनमें कोषाध्यक्ष पद के लिये राजस्व अभिलेखाकार शैलेश कुमार गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है। संयुक्त सचिव पद के लिये नाजिर सदर अवनीश कुमार के नाम पर सहमति बन गई है। अवनीश कुमार पहले भी इसी पद पर रहे हैं। सांस्कृतिक क्रीड़ा मंत्री पर गौरव शर्मा बनाए गए हैं। वहीं ऑडिटर पद के लिये सिंथिया तौमर तथा संगठन मंत्री के लिये नेहा गोयल के नाम पर सहमति बनी है। सूत्र बताते हैं कि अभी इन नामों की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन शनिवार को चुनाव संपन्न होते ही इन नामों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी जाएगी।

### डेढ़ बजे तक मतदान और ढाई बजे से शुरू होगी मतगणना

**करंट क्राइम।** कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव है और 11 बजे सुबह मतदान शुरू होगा। डेढ़ बजे तक मतदान चलेगा। मतदान के बाद लंच हो जाएगा। फिर पूरे एक घंटे तक लंच चलेगा। यानी डेढ़ बजे से ढाई बजे तक लंच होगा और फिर ढाई बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना समाप्त होने के बाद जो पदाधिकारी निर्वाचित घोषित होंगे उनका शपथग्रहण समारोह भी करा दिया जाएगा।

## जब विधायक के खिलाफ फिसली किसी की जुबान

# इस बात पर कौन से महामंत्री हो गए बुरी तरह नाराज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में शब्दों से ही वार होता है, शब्दों से ही प्यार होता है और राजनीति में शब्दों से ही अपने विरोधी का भी शिकार होता है। ये एक तरीके का मानसिक युद्ध भी होता है, लेकिन राजनीति में एक शब्द सियासी शिष्टाचार भी होता है। ये नियम सभी राजनीतिक दलों पर लागू होता है और कई बार नेता के चाहने वालों में आपको उनके वोटर भी मिल सकते हैं, उनके सपोर्टर भी मिल सकते हैं और यहां पर किसके मन में क्या इमोशन हैं इससे आप नहीं बता सकते। किस्सा एक सियासी दल के दफ्तर से जुड़ा है। किस्से में एक विधायक हैं और किस्से में उनके समर्थक-महामंत्री भी हैं। अब राजनीति में आपका व्यवहार ही है जिससे आप प्यार का भी संदेश देते हैं, तकरार का भी संदेश देते हैं और कई बार ऐसा हो जाता है कि जिस बात को आप हास्य का विषय समझ रहे हैं वो बात दूसरे के बर्दाश्त से बाहर हो जाती है और कई बार ये भी होता है कि आप तो कहकर चुप हो गए, लेकिन जिसे बुरी लगी है वो विद्रोह पर उतारू हो जाता है और वो कई बार सियासी रिस्क भी ले लेता है। राजनीति में कड़वी बात पर भी कई बार लोग मुस्कराकर रह जाते हैं, लेकिन ये मुस्कराहट हमेशा याद रहती है। नजारा एक राजनीतिक दल के दफ्तर का है।



यहां पर संगठन के नेता सहित कई अन्य लोग मौजूद हैं और इन मौजूद लोगों में एक महामंत्री भी बैठे हैं। तभी वहां सीन में पानी वाली बात होती है और यहां पार्टी के एक नेता के मुख से विधायक के लिये तंज वाले शब्द निकलते हैं। ये शब्द ऐसे हैं कि पानी में आग लग जाती है और पानी में लगी आग को सब देख सुन रहे हैं। दरअसल महामंत्री के सामने संगठन के एक नेता ने विधायक जी को लेकर बेहद तंजिया लहजे में कुछ शब्द निकाले। सूत्र बताते हैं कि जब ये तंजिया शब्द निकले तो सबने सुन लिये, लेकिन यहां बैठे महामंत्री ने इन शब्दों पर प्रतिवाद किया। क्योंकि शब्द और लहजा दोनों ही तंज से परिपूर्ण थे।

महामंत्री को इसी बात का रंज था कि सियासी विरोध हो सकता है, लेकिन सियासी शिष्टाचार की सीमा नहीं लांघनी चाहिए और भी तब जब पार्टी के कई लोग बैठे हैं और उनके सामने विधायक के लिये तंज वाले शब्द कहे जा रहे हो। सूत्र बताते हैं कि बाकी सबने तो वो शब्द सुन लिये, लेकिन वहां बैठे एक महामंत्री को इन शब्दों पर क्रोध आ गया और महामंत्री ने एंग्री यंग मैन वाला रूप धारण कर लिया। उन्होंने शब्दों को लेकर पहले विरोध प्रकट किया और कहा कि हम सभी लोग मान सम्मान के लिये राजनीति करते हैं और ऐसा नहीं होगा कि किसी के लिये कुछ भी कहा जाए।

बताया जाता है कि इसके बाद महामंत्री की आवाज लाउड होती चली गई और उन्होंने सामने ही सामने नसीहत दे दी। हालांकि उन्हें साइलेंट करने का भी प्रयास हुआ लेकिन महामंत्री जी इन शब्दों को सुनकर इतने वाइलेंट थे कि वो शांत होने को तैयार नहीं थे। सूत्र बताते हैं कि मामला इस सियासी दल में गूंज रहा है और किस्सा उन विधायक जी के कानों तक भी पहुंच चुका है, जिन्हें लेकर ये बात कही गई है। किस्से का रस बाकी जनप्रतिनिधि भी ले रहे हैं और सियासी जानकार ये मान रहे हैं कि जवाब उधर से भी आएगा। क्योंकि विधायक जी अभी तो मुस्कराकर पानी की तरह बात को पी गए हैं। लेकिन ये पानी बाहर जरूर आएगा और विधायक जी जिस बात को मुस्कराकर हजम कर जाते हैं, उस बात पर उनका गजब का रिएक्ट आता है।

### पहलगाम के आतंकवादियों का मिटा देना चाहिए नामो निशान : पिंटू तोमर

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी इलाके में रहने वाले भाजपा के नेता और सामाजिक कार्यो में नजर आने वाले पिंटू तोमर ने कहा है कि जिस तरीके से पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया है। भारत के लोगों की हत्या की गई, साथ ही निर्मम हत्या में उनके धर्म पूछ कर उन्हें मौत के घाट उतारा गया, ऐसे तांडव मचाने वाले आतंकियों को भारत सरकार जल्द सबक सिखाने का काम करें। भाजपा नेता पिंटू तोमर ने कहा है कि जिस तरीके से हम सब देश के प्रधानमंत्री और भारत की सरकार पर भरोसा करते हैं, उसका जवाब सरकार को उसी भाषा में देना चाहिए। आतंकवादियों की पीड़ियों की भी हिम्मत ना हो कि वह दोबारा भारत की ओर कभी आंख उठा कर देखें और देश में कभी इस तरीके के आतंकवादी हमले हों। उन्होंने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द पाकिस्तान के ऊपर कठोर एक्शन और दुनिया भर को सबक सिखाने वाला संदेश देने की मांग की है।



# चार्ज लेते ही एक्शन मोड़ में नजर आए एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी अपराध एवं कानून व्यवस्था

## दिन में पहुंचे साइबर थाने, तो रात को जाना सड़क पर जाम व अतिक्रमण का हाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था के रूप में आलोक प्रियदर्शी ने गाजियाबाद में चार्ज संभाल लिया है। गुरुवार को चार्ज लेने के बाद वह शुक्रवार को एक्शन मोड़ में नजर आए। वह सुबह पुलिस लाइन स्थित अपने कैंप कार्यालय में बैठे और वहीं उन्होंने जनसुनवाई की। साथ ही कई अधिकारियों से फोन पर बात की। इसके बाद वह साइबर थाने का निरीक्षण करने के लिए घंटाघर कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने साइबर प्रभारी, घंटाघर थाना प्रभारी से वातार्लाप करते हुए साइबर के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने और पीड़ितों को चक्कर न लगाने जैसे आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने साइबर प्रभारी को निर्देशित किया है कि जिन भी लोगों के साथ साइबर क्राइम होता है, उनका पूरा विवरण रखा जाए ताकि उनके मामलों में पुलिस जल्द से जल्द कार्रवाई कर सके। वहीं शाम से लेकर रात तक वह गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की सड़कों पर उतरें, जहां उन्होंने गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था के निरीक्षण के लिए मुख्य मार्गों एवं प्रमुख चौराहों का भ्रमण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा एन एच-09, छिजारसी कट, सेक्टर-62 कट एवं हापुड़ चुंगी चौराहे का निरीक्षण कर शहर में अतिरिक्त यातायात दबाव वाले मार्गों एवं चौराहों पर यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त एवं और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन साथ रहे।

## पुलिस कमिश्नरेट में साइबर के मामलों में जल्द होगी कड़क कार्रवाई





### समय सीमा के अंदर हो साइबर मामलों का निस्तारण



**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने कहा है कि साइबर क्राइम के मामले दिल्ली-एनसीआर में तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध के मामलों में जल्द ही एक गाइडलाइन जारी करते हुए समयसीमा तय की जाएगी ताकि उसे समय सीमा के अंदर पीड़ित को न्याय दिलवाया जा सके और मामलों का हाल और परिणाम सामने आए। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि पीड़ितों की शिकायतें सुनकर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

### एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना को मिला मुख्यालय का चार्ज



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारी और एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना अब मुख्यालय का चार्ज संभालेगी। वह पुलिस ऑफिस स्थित कार्यालय में ही बैठेंगी और वहीं से मुख्यालय संबंधित दिशा निर्देश एवं पुलिस कर्मियों के आने वाले मामलों की सुनवाई करेंगी। साथ ही वह अन्य मामलों पर भी नजर रखने का काम करेंगी।

### एसीपी प्रियश्री पाल को मिला वेव सिटी का अतिरिक्त चार्ज, मीडिया सेल की भी बनाई गई प्रभारी



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस आयुक्त द्वारा एसीपी प्रियाश्री पाल जो पहले महिला अपराध देख रही थीं, उनको वेव सिटी का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वेव सिटी एसीपी उपासना पांडे छुट्टी पर गई हैं, जिसके चलते प्रियाश्री पाल को वेव सिटी सर्किल का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। इसके साथ ही बीते दिनों उन्हें गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की मीडिया सेल में राजपत्रित अधिकारी के तौर पर प्रभारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि वह इससे पहले कमिश्नरेट में एसीपी घंटाघर कोतवाली, ट्रैफिक और अन्य जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।

# सिटी जोन के थाना प्रभारियों और एसीपी ने लगाई पुलिस लाइन में दौड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को लंबे समय बाद पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड का नजारा अलग था। सुबह करीब छह बजे ही पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन के सभी थानों के प्रभारी, उनके सर्किल वाले अधिकारी और डीसीपी सिटी जोन पहुंच गए थे। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर पहुंचे और सलामी लेने के बाद यहां थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों ने दौड़ में भाग लिया। अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को लाइन में होने वाली परेड रूटिंग प्रक्रिया है। इसका मकसद पुलिसकर्मियों को फिट रखने के साथ ही लगातार अधिकारियों से संपर्क करना रहता है।

## हर शुक्रवार को होगी सीपी के सामने लाइन में अलग-अलग जोन की परेड



### अलग-अलग शुक्रवार जोन वाले लगाएंगे दौड़

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में प्रत्येक शुक्रवार अलग-अलग जोन के थाना प्रभारी और उनके एसीपी स्तर के अधिकारी लाइन में होने वाली परेड और दौड़ में शामिल होंगे। शुक्रवार को जहां सिटी जोन का नंबर रहा, तो अगले शुक्रवार ट्रांस हिंडन और फिर देहात जोन का नंबर आएगा, जिसमें सभी पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

### पुलिस लाइन में लग गया नया बोर्ड

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों कमिश्नर का तबादला हुआ और नए कमिश्नर ने चार्ज सभाला तो नई व्यवस्थाएं और परिवर्तन दिखाई देने शुरू हो गए हैं। पुलिस लाइन के मुख्य गेट पर नया बोर्ड लगा दिया गया है। बताया जा रहा है बीते दिनों आए आंधी तूफान में यहां लगा पुराना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस लाइन का बोर्ड टूट गया था, जिसे शुक्रवार की परेड से पहले ही बृहस्पतिवार की रात नया तैयार करके लगाया गया है ताकि कमिश्नर के आगमन पर स्थिति सब कुछ राइट नजर आए।

## संपादकीय

# पाक नहीं सुधरेगा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, भारत सरकार सख्त कदम उठाने के मूड में है। गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार को आतंकवाद को करारा जवाब देने के लिए कहा। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भी सड़कों पर उतरकर हमले की निंदा की। जैसी कि उम्मीद थी, पहलगाम आतंकी हमले पर गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भारतीय राजनीति का वह रूप दिखा, जिसकी जरूरत थी। सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि आतंक को मुंहतोड़ और निर्णायक जवाब देने के लिए जो भी जरूरी हो, किया जाए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में जिस तरह से आम लोगों ने सड़कों पर निकलकर इस आतंकवादी हमले की भर्त्सना की, वह पूरी दुनिया के लिए स्पष्ट संदेश है।

इस बीच पाकिस्तान ने शिमला समझौता समेत तमाम समझौते स्थगित करने और पानी रोकने जाने को युद्ध का ऐलान मानने जैसी घोषणाएं करके यह दिखाने की कोशिश की है कि वह भी भारत के कदमों का मुकाबला करने में सक्षम है। बेहतर होता कि हमले के पीछे जिस आतंकवादी संगठन का हाथ है, वह उसके खिलाफ कार्रवाई करता। आखिर, पाकिस्तान खुद आतंकवाद से पीड़ित रहा है और वह जब तब इसकी दुहाई देता आया है। सख्त संदेश आतंकवादी हमले की घटना के बाद केंद्र सरकार ने जिस तरह से रिएक्ट किया, उससे साफ हो गया कि देश अब ऐसे हमलों को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। गुरुवार को भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम प्रमुख देशों के राजदूतों को घटना का पूरा ब्यौरा दिया और इससे जुड़े तमाम साक्ष्य उनके साथ साझा किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फिर से यह बात दोहराई कि पुलवामा के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वायुसेना ने रफाल और सुखोई-30 ने 'आक्रमण अभ्यास' भी किया।

पानी रोके जाने का डर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की घोषणा ने पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिंतित किया है। यह बहुत बड़ी घोषणा है और इसके निहितार्थ दूर तक जाते हैं। लेकिन भारत का मकसद भी यही है कि सब इस तथ्य को अच्छी तरह समझ लें कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। आखिर, दशकों से सीमापार आतंकवाद को बंद करने की भारत की अपील को पाकिस्तान अनदेखा करता आया है। निरंतरता की जरूरत दरअसल में, पाकिस्तान में आतंक के ढांचे को नेस्तनाबूद करने के खातिर निरंतर प्रयासों की जरूरत है। पाकिस्तान को अहसास दिलाना होगा कि आतंक को संरक्षण देने की नीति कहीं की नहीं छोड़ेगी।

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का ऐलान, पहलगाम हमले के पीड़ितों की मदद के लिए एक करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 22 अप्रैल, 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। आइए एनएसई के एलान के बारे में विस्तार से जानते हैं।



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 22 अप्रैल, 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद पूरे देश में शोक और गुस्से की लहर दौड़ गई। एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने सोशल मीडिया पर इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सहायता देने की घोषणा की।

चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट में कहा, समर्थन के एक विनम्र रूप में, एनएसई इस कठिन समय के दौरान पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए, पीड़ितों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये देने का संकल्प लेता है। एनएसई के इस कदम की इस कदम की जनता की ओर से व्यापक रूप से सराहना की गई है। लोगों ने इस त्रासदी के बाद एनएसई की सहानुभूतिपूर्ण प्रतिक्रिया की सराहना की है।

एक यूजर ने पोस्ट पर टिप्पणी की, इस कदम की जनता की ओर से व्यापक रूप से सराहना की गई है। उद्योग जगत के नेताओं और नागरिकों ने इस त्रासदी पर एनएसई की त्वरित और दयालु प्रतिक्रिया की सराहना की है। एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, यह केवल मौद्रिक समर्थन नहीं है। यह एक बड़ा संदेश देता है। आपको और एनएसई को बधाई।

एनएसई ने यह कदम भारत की ओर से कश्मीर के पहलम जिले में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद उठाया गया है। भारत सरकार ने इस कायरतापूर्ण कार्रवाई के बाद आतंकियों को संरक्षण देने के विरोध में पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को भी बंद कर दिया गया है। जिन लोगों के पास वैध वीजा है, केवल उन्हें ही 1 मई, 2025 तक उक्त मार्ग से लौटने की अनुमति है।

इसके अलावे, पाकिस्तानी नागरिकों को अब सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

# शेयर बाजार में फिर गिरावट, सेंसेक्स 589 अंक गिरा निफ्टी 24050 के नीचे



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 588.90 (0.73%) अंकों की गिरावट के साथ 79,212.53 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 207.36 (0.86%) अंक टूटकर 24,039.35 पर पहुंच गया। आइए जानते हैं।

भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 588.90 (0.73%) अंकों की गिरावट के साथ 79,212.53 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 207.36 (0.86%) अंक टूटकर 24,039.35 पर पहुंच गया। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की गिरावट के साथ 85.40 के स्तर पर बंद हुआ।

# जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नए नियम नोटिफाई, ई-फाइलिंग अनिवार्य

**नई दिल्ली।** सरकार ने जीएसटी न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) से जुड़े नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों में आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और हाइब्रिड मोड में सुनवाई का प्रावधान किया गया है। नियमों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक का आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है तो दोपहर 12 बजे से पहले आवेदक की ओर से दायर किया गया कोई भी अत्यावश्यक मामला अगले कार्य दिवस पर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।



अपवाद वाले मामलों में, अपीलीय न्यायाधिकरण या राष्ट्रपति की विशिष्ट अनुमति से, आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध करने के लिए दोपहर 12:00 बजे के बाद लेकिन अपराह्न 3:00 बजे से पहले प्राप्त किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें राष्ट्रपति के आदेश के अधीन, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी। वस्तु व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 के अनुसार, अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। पिछले वर्ष मई में सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया था।

मिश्रा झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे और उनका चयन भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति ने किया था। जीएसटीएटी केन्द्रीय वस्तु व सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है। यह प्रथम अपीलीय प्राधिकरण के आदेशों के विरुद्ध उक्त अधिनियम और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जीएसटी अधिनियमों के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ा तनाव नहीं झेल पाया पाकिस्तानी शेयर बाजार, वेबसाइट क्रैश

**नई दिल्ली।** कश्मीर में घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण शुक्रवार, 25 अप्रैल को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) की वेबसाइट क्रैश हो गई।पीएसएक्स के ऑनलाइन पोर्टल पर एक संदेश दिखा जिसमें लिखा था, हम शीघ्र ही वापस आएंगे, जो यह दशार्ता है कि वेबसाइट अस्थायी रूप से अनुपलब्ध है।



पाकिस्तानी शेयर बाजार की वेबसाइट के क्रैश होने की घटना बेंचमार्क पीएसएक्स इंडेक्स में लगातार दो दिनों में तेज गिरावट दर्ज किए जाने के बाद हुई। गुरुवार को, केएसई-100 इंडेक्स में कारोबार के पहले पांच मिनट में 2.12% या 2,485.85 अंकों की गिरावट आई और यह 114,740.29 पर बंद हुआ। इसके बाद बुधवार को भी इसी तरह की तेज गिरावट आई, जिससे सिर्फ.दो दिनों में 2,500 से ज्यादा अंकों की गिरावट दर्ज की गई। बाजार में गिरावट और वेबसाइट क्रैश की घटना जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले के बाद बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बीच हुई। इस स्थिति के कारण सीमा के दोनों ओर अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई। इन तनावों के कारण जहां भारत में दलाल स्ट्रीट में भी करीब 1,000 अंकों की गिरावट देखी गई , वहीं पाकिस्तान के स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट के ऑफलाइन होने से क्षेत्र के निवेशकों की चिंताएं बढ़ गईं। पीएसएक्स की वेबसाइट पर संदेश में बस इतना कहा गया था कि साइट रखरखाव के अधीन है और जल्द ही वापस आ जाएगी। हालांकि, पीएसएक्स की ओर से वेबसाइट के अचानक क्रैश होने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। बढ़ते तनाव के अलावा पाकिस्तान के शेयर बाजार पर उसकी आर्थिक स्थिति के कारण भी दबाव देखने को मिल रहा है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 2.6% कर दिया।

# अब ट्रक व अन्य भारी वाहन भी होंगे सुरक्षित, जल्द शुरू होगी एनसीएपी की तर्ज पर सुरक्षा मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** नितिन गडकरी ने जीएनसीएपी और सड़क यातायात शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा, इसका उद्देश्य विनिमार्ताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें। सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से देश में कारों की तरह अब ट्रकों और अन्य भारी वाणिज्यिक वाहनों का भी क्रैश टेस्ट होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ट्रकों और भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह मूल्यांकन देश के अपने क्रैश (वाहनों की टक्कर) टेस्ट कार्यक्रम भारत एनसीएपी (न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम) की तर्ज पर होगा।



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा, इसका उद्देश्य विनिमार्ताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें। भारत एनसीएपी 2023 में पेश किया गया था।

### देश में हर साल 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं

गडकरी ने कहा, भारत में हर साल सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देश में हर साल करीब 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यह आंकड़ा चिंताजनक है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़का – तुम्हारा नाम क्या है...?
लड़की – तमन्ना...
लड़का – तुम्हारे पापा का नाम सरफरोशी है क्या...?
लड़की – क्यों...?
लड़का – क्योंकि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...!

काका को रात में 12 बजे एक लड़की का फोन आता है...!
काका – हेलो कौन...?
लड़की – हम तेरे बिन अब रह नहीं सकते, तेरे बिना क्या वजूद मेरा...!
काका (खुश होकर) – कौन हैं आप..?
लड़की – तुझसे जुदा अगर हो जायेंगे तो खुद से भी हो जाएंगे जुदा..!
खुशी के मारे काका की आंखों में पानी आ गया,
वो बोले – तुम सच में मुझसे शादी करोगी...?
लड़की – इस गाने को अपनी कॉलर ट्यून बंनाने के लिए 8 दबाएं...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# विराट कोहली टी20 में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज



**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेलकर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टी20 में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इसके अलावा कोहली ओपनिंग करते हुए इस प्रारूप में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए।

बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 32 गेंदों में मौजूदा सत्र का अपना पांचवां पचासा पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर का 60वां अर्धशतक भी है। इसी के साथ किंग कोहली ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 62 बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। वहीं, बाबर आजम ने 61 बार टी20 में 50 से ज्यादा रनों की पारियां खेली हैं।

### क्रिस गेल को इस मामले में पीछे छोड़ा

राजस्थान के खिलाफ दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 70 रनों की तूफानी पारी खेली। इसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं। कोहली इसी के साथ टी20 प्रारूप में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 110 बार 50+ स्कोर बनाया। विराट कोहली के नाम 111* बार टी20 में 50 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाइप मार्केट, साहिबाबाद में व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कश्मीर पहलगाम के बैसरन में आतंकियों द्वारा किए नरसंहार के विरुद्ध देश भर में गुस्सा देखने को मिला। पूरे देश में आतंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं। पहलगाम क्षेत्र में हुए वीभत्स आतंकी हमले के विरोध में आज साहिबाबाद के प्रतिष्ठित पाइप मार्केट के व्यापारियों ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इस नरसंहार में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पाइप मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान रामनिवास बंसल ने किया। उनके साथ तरुण अग्रवाल, सौरभ सिंघल तथा समस्त पाइप मार्केट के व्यापारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों और मृतकों को नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शन के दौरान सौरभ सिंघल ने कहा कि आतंकवाद मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है और सम्पूर्ण समाज को इससे एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों को शीघ्र अति शीघ्र सख्त सजा दी जाए और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। पाइप मार्केट के व्यापारियों ने यह भी अपील की कि देशभर के नागरिक आतंकवाद के विरुद्ध अपनी एकता और दृढ़ संकल्प को मजबूत करें और शांति, भाईचारे तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

## मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पांचाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक राजू पांचाल के प्रतिष्ठान पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचे। प्रतिष्ठान पहुंचने पर राजू पांचाल ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर वार्ता हुई। राजू पांचाल ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को शुभकामनाएं दी।

न्याय सब के लिए
ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

# राष्ट्रीय लोक अदालत

**10 मई 2025, दिन शनिवार**

राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर शीघ्र, सुलभ व सस्ता न्याय पाये। न्यायालय शुल्क वापस पाकर आपसी भाईचारे से अंतिम निर्णय पाये।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने योग्य वाद/प्रकरण**

- समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले
- चैक वाउंस से सम्बंधित धारा 138 एन.आई.एक्ट. के वाद
- बैंक रिकवरी वाद
- मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद
- श्रमवाद
- बिजली एवं जल के बिल से संबंधी शमनीय दण्डवाद
- वैवाहिक/पारिवारिक वाद / प्री-लिटिगेशन वाद
- भूमि सम्बन्धी वाद
- सेना निवृत्ति के परिलाभों संबंधी मामले
- राजस्व वाद
- अन्य सिविल वाद

**राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन**

हम सब वादकारियों ने यह ठाना है,
कोर्ट कचहरी का चक्कर नहीं लगाना है।
लोक अदालत से मामला निपटाना है,
हँसते-हँसते घर जाना है।

त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का नैतिक अधिकार है राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025, दिन शनिवार को तहसील न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्तर तक किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाने का स्वर्णिम अवसर।

**लोक अदालत के लाभ**

- पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार-व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते है।
- लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
- लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायशुल्क की वापसी की व्यवस्था।
- लोक अदालत में निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं
- कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित।

यदि आप किसी भी लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करवाना चाहते हैं तो कृप्या सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के कार्यालय, से सम्पर्क कर अपने विवाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर सकते है।

| अपर जिला जज / सचिव | नोडल अधिकारी/अपर जिला जज | जिला जज / अध्यक्ष |
|---|---|---|
| जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद | गाजियाबाद | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद |

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद**

# नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता

## जापानी जेनकी डीन और श्रीलंकाई पथिरेज भी होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के पहले चरण में हिस्सा लेने वाले विदेशी सितारों में शामिल होंगे। 33 वर्षीय डीन ने नीरज और किशोर जेना से पीछे रहते हुए 2023 हांग्झोउ एशियाई खेलों में 82.68 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.28 मीटर है जो उन्होंने 2012 में हासिल किया था। टूनार्मेंट के आयोजक जेएसडब्ल्यू ने एक विज्ञप्ति में कहा, डीन एशियाई सर्किट के मजबूत खिलाड़ी हैं जो शीर्ष-10 विश्व रैंकिंग पर हैं और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.28 मीटर का है। श्रीलंका के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी पथिरेज ने 2024 में कोरिया के मोकपो में एशियाई थ्रोइंग चैंपियनशिप में 85.45 मीटर के प्रयास के साथ 85 मीटर क्लब में प्रवेश किया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 22 वर्षीय ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ ट्रैक क्लासिक में 85.41 मीटर थ्रो के साथ फिर से 85 मीटर का थ्रो पार किया। सोमवार को नीरज ने कहा था कि पेरिस ओलंपिक फाइनल में भाग लेने वाला एक ब्राजीलियाई भी एनसी क्लासिक में भाग लेगा। आयोजकों ने गुरुवार को ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा का नाम शामिल किया।

# तो अगले साल आईपीएल में नहीं दिखेंगे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी!

## वीरेंद्र सहवाग ने क्यों दिया ऐसा बयान?



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में राजस्थान रॉयल्स का खराब प्रदर्शन जारी है। 24 अप्रैल (गुरुवार) को बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 11 रनों से हरा दिया। राजस्थान रॉयल्स की ये लगातार पांचवीं हार रही। राजस्थान रॉयल्स के 9 मैचों में दो जीत से सिर्फ 4 अंक हैं और उसका प्लेऑफ में पहुंचना अब बेहद मुश्किल है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर सबकी निगाहें थीं, लेकिन वो 12 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हो गए। 14 साल के वैभव इस मुकाबले में 'इम्पैक्ट सब' के तौर पर उतरे थे। वैभव ने भुवेश्वर कुमार को दो छक्के भी लगाए, लेकिन वो इस अनुभवी गेंदबाज का ही शिकार बने। अब वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने खास सलाह दी है। सहवाग का मानना है कि वैभव को आईपीएल में 20 साल तक खेलने का टारगेट रखना चाहिए। सहवाग ने कहा कि यदि वैभव इस बात से खुश हैं कि वो अब करोड़पति हैं और उनका डेब्यू शानदार रहा, तो हो सकता है कि फैन्स उन्हें अगले साल आईपीएल में ना देख पाएं। सहवाग ने कहा कि उन्होंने ऐसे खिलाड़ी देखे हैं जिन्होंने एक या दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कुछ नहीं किया।

# शतरंज में हिमाचल की टीम ओवरऑल विजेता बास्केटबाल में असम व योग में केरल का दबदबा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मास्टर खेलों के पांचवें दिन योग, टेबल टेनिस और जूडो समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। योग में केरल और असम के प्रतिभागियों ने बहुत ही खूबसूरती से विभिन्न योगासनों को करके दिखाया।

योग में विभिन्न वर्गों में 30 से लेकर 75 वर्ष तक के 42 महिला और पुरुष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें खास बात यह भी रही केरल के योग स्कूलों से करीब 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें 25 महिलाएं मुस्लिम समुदाय से रही और खुद को योग में शामिल होने पर गर्व महसूस कर रही थीं। असम की मोमिता ने अपना खूबसूरत प्रदर्शन करके सबका मन मोह लिया।

मोमिता असम ने योगासन का स्कूल चलाती हैं और योग जैसी भारतीय पुरातन विधा को जीवन के लिए बेहतर मानती हैं। केरल की जरीना ने भी अपने खूबसूरत प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। योग में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल केरल की महिला टीम में प्राप्त किए जबकि दूसरे नंबर पर असम की टीम रही। इसके अलावा योगासन प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 55 प्लस में केरल की जरीना ने स्वर्ण, बसंथा ने रजत और इंदुलेखा ने कांस्य पदक जीता। 50 प्लस आयु वर्ग में भी केरल ऊषा नायर ने स्वर्ण, विजी जॉन ने रजत और नसीम ने कांस्य पदक जीता। 45 प्लस आयु वर्ग में असम की मोनिका ने स्वर्ण, केरल की सुनीता ने रजत जीता। 40 प्लस आयु वर्ग में केरल की सिमथा ने स्वर्ण और प्रासीथा ने रजत पदक जीता।

पुरुष की बॉस्केटबाल प्रतियोगिता के 30 प्लस आयु वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता और हिमाचल की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में महाराष्ट्र विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। 35 प्लस आयु वर्ग में जम्मू की पुरुष टीम विजेता और केरल की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में महाराष्ट्र विजेता और हिमाचल की टीम उपविजेता रही। 40 प्लस आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में केरल विजेता और जेएंडके उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में जम्मू कश्मीर की टीम विजेता रही। पुरुष 45 प्लस आयु वर्ग में हरियाणा विजेता और केरल की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में असम की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। 50 प्लस में पंजाब के पुरुषों की टीम विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में महाराष्ट्र की टीम विजेता रही। वहीं, शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने सबसे अधिक पदक जीतकर ओवरऑल का खिताब जीता।

# चिन्नास्वामी में खुला आरसीबी की जीत का खाता



**मुंबई।** विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन बनाए। यह आरसीबी का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में राजस्थान की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 194 रन ही बना सकी। उनके लिए यशस्वी जायसवाल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। वहीं, आरसीबी के लिए हेजलवुड ने चार विकेट झटके जबकि क्रुणाल पांड्या को दो विकेट मिले। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल ने एक-एक सफलता अपने नाम की। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई थी। 23 वर्षीय बल्लेबाज जायसवाल ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने 14 वर्षीय सूर्यवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी निभाई। उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने बोल्ड किया। वहीं, यशस्वी 19 गेंदों में 49 रन बनाकर आउट हो गए। वह एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूके। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान उन्होंने सात चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए नीतीश राणा और रियान पराग ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। हालांकि, दोनों को क्रुणाल पांड्या ने अपना शिकार बनाया। नीतीश 28 और रियान 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में जायसवाल के अलावा ध्रुव जुरेल ने 40 से ज्यादा रनों की पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और इतने ही छक्के की मदद से 47 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। आरसीबी के खिलाफ शुभम दुबे ने 12 रन बनाए जबकि जोफ्रा आर्चर खाता भी नहीं खोल पाए।

वहीं, वानिंदु हसरंगा एक रन बनाकर रनआउट हो गए जबकि तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी क्रमशः एक और दो रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैच में फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने आरसीबी को सधी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई।

### जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंची आरसीबी

अपने घरेलू मैदान पर आरसीबी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने चिन्नास्वामी में तीन मुकाबला गंवाए थे। नौ में से छह मैच जीत चुकी बेंगलुरु 12 अंक और 0.482 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, राजस्थान लगातार पांच मैचों में शिकस्त के साथ आठवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -0.625 हो गया है।

# चेन्नई और हैदराबाद के लिए करो या मरो का मैच

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल का 18वां सत्र कुछ खास नहीं रहा है। दोनों टीमें छह-छह हार के बाद अंक तालिका में क्रमशः नौवें और 10वें पायदान पर हैं। शुक्रवार को चेन्नई में सीएसके और हैदराबाद प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए उतरेंगी। इस दौरान फैंस को रोचक जंग देखने को मिल सकती है।

### घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाने में नाकाम रही चेन्नई

चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरूआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं उसकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाई जो उसका अपने घरेलू मैदान पर न्यूनतम स्कोर भी है।



### सीएसके के बल्लेबाज नहीं कर सके प्रभावित

चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग यहां की पिच को लेकर खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए मददगार माना जाता है लेकिन इस बार यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है। इस बार उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं।

### अभिषेक और ट्रेविस की जोड़ी रही फ्लॉप

सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरूआत की थी लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी। पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस पर रहेंगी नजरें

महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का टीम से जुड़ना अच्छा संकेत है। इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। चेन्नई ने अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपनी टीम से जोड़ा है।

### कोच ने भी जताई नाराजगी

सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके बल्लेबाज साझेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। विटोरी ने कहा- जब हेड और अभिषेक सफल नहीं होते हैं, तो यह अन्य बल्लेबाजों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। हमें अच्छी साझेदारियां निभाने की जरूरत है।

# बोलैंड से ज्यादा वह खेलने के दावेदार

## शास्त्री ने की इस ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉड्र्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा।

कमिंस और स्टार्क के अलावा कौन होगा तीसरा पेसर?

टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के सामने 11 से 15 जून तक लॉड्र्स में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तीन तेज गेंदबाजों और नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर के साथ उतरने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के पास हरफनमौला बीयू वेबस्टर को एकादश में शामिल करने का विकल्प भी है, तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हेजलवुड और बोलैंड के बीच चयन होने की संभावना है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'यह बहुत कठिन विकल्प होगा, अगर हेजलवुड फिट होते हैं, तो उन्हें बोलैंड के मुकाबले तरजीह मिलनी चाहिए।'

हेजलवुड चोट से रहे हैं परेशान

हेजलवुड अपने करियर में कई बार चोटिल होने के कारण टीम से बाहर रहे है। वह चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गयी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के पांच मैचों में से तीन में नहीं खेल पाये थे।



### आईपीएल में शानदार फॉर्म में हैं हेजलवुड

इस 34 साल के खिलाड़ी ने आईपीएल में वापसी की और शानदार लय में है। उन्होंने बृहस्पतिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट झटक कर टीम को यादगार जीत दिलाई। शास्त्री ने कहा, 'हेजलवुड अगर पूरी तरह से फिट है तो दो वजहों से उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये। पहला इंग्लैंड की परिस्थितियां उन्हें रास आयेंगी और दूसरा उनके पास मैकग्रा की तरह गेंदबाजी (एक ही लाइन लेंथ की गेंद से बल्लेबाजों को परेशान करना) करने की क्षमता है।'

# यश का वाग्दान समारोह सृष्टि के साथ धूम-धाम से सम्पन्न





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्रीमती विमल चौधरी तथा पवन चौधरी के सुपुत्र यश का सगाई समारोह सृष्टि के साथ धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक हेमलता चौधरी, वुडहिल के डॉयरेक्टर विवेक भाटी तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से की बात बोले 'राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और वापस भेजें'



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर रहे हैं और उन्हें उचित कार्रवाई का निर्देश दे रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी थी। मुख्यमंत्रियों को यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उनका निर्वासन सुनिश्चित करें। दरअसल, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में दहशतगर्दों ने 26 लोगों (दो स्थानीय और दो विदेशी नागरिकों) को मौत के घाट उतार दिया था। हमला मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे हुआ, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और वहां पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस स्थान को लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है। अटारी एकीकृत चेक पोस्ट बुधवार को ही बंद कर दी गई। जिन लोगों ने अनुमोदन के साथ सीमा पार की है, उन्हें 1 मई से पहले उस रास्ते से लौटने की अनुमति है।

सरकार ने अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) वीजा के तहत भारत आने की अनुमति नहीं दी है। पाकिस्तानी नागरिकों को पहले जारी किए गए एसवीईएस वीजा रद्द कर दिए गए हैं। एसवीईएस वीजा रखने वाले सभी पाकिस्तानियों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के लिए कहा गया है।

नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित घोषित कर दिया गया और उन्हें देश छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। भारत ने यह भी घोषणा की कि वह इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा कर्मचारियों को वापस बुलाएगा।

भारत ने कहा कि वह 1 मई तक और कटौती करके उच्चायोगों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर देगा।

सरकार ने बीते दिन पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने को कहा। हालांकि, जिनके पास मेडिकल वीजा है वे केवल 29 अप्रैल तक ही रह सकते हैं।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अटारी, हुसैनीवाला और सादकी में रिट्रीट समारोह के दौरान औपचारिक प्रदर्शन को कम करने का एक सुनियोजित निर्णय लिया। प्रमुख बदलावों में भारतीय गार्ड कमांडर और समकक्ष गार्ड कमांडर के बीच प्रतीकात्मक हाथ मिलाने की प्रक्रिया को निलंबित करना भी शामिल है। समारोह के दौरान गेट बंद रहेंगे। बीएसएफ ने कहा कि यह कदम सीमा पार दुश्मनी पर भारत की गंभीर चिंता को दर्शाता है। शांति और उकसावे एक साथ नहीं रह सकते।

### पीएम मोदी ने उचित कदम उठाने को कहा था

हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की थी और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा था। उसी दिन अमित शाह ने आपात बैठक बुलाई। बैठक में कई शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### अब तक सरकार ने पाकिस्तान को कौन-कौन सी चोटें दीं?

सबसे पहले भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सरकार ने कहा कि जब तक पाकिस्तान सीमा-पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता, तब तक यह संधि निलंबित रहेगी।

# भाजपा के राजा इकबाल बने दिल्ली के मेयर, 133 मतों से जीते

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में मेयर चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए। भाजपा पार्षद राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए महापौर चुने गए, उन्होंने कांग्रेस के मनदीप सिंह को 125 वोट से हराया। चुनाव में 142 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें से एक वोट अवैध पाया गया। कांग्रेस को अपने पार्षदों की संख्या के अनुसार आठ वोट प्राप्त हुए, वहीं राजा इकबाल सिंह को 133 वोट प्राप्त मिले।

## कांग्रेस के खाते में महज आठ वोट



### किसकी थी कैसी स्थिति

इस बार का चुनाव विशेष रूप से दिलचस्प रहा, क्योंकि सत्तारूढ़ आप ने इन पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल नहीं करवाया था। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया से बहिष्कार भी कर दिया था। दोनों पदों के लिए विपक्षी दल भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों के बीच मुकाबला था। एमसीडी सदन में भाजपा के पास 135 वोट हैं, जबकि कांग्रेस के पास केवल आठ वोट हैं। आप के पास 119 वोट हैं।

### सत्या शर्मा को चुना गया था पीठासीन अधिकारी

मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में लोकसभा के सातों व राज्यसभा के तीनों सांसदों और विधानसभा की ओर से मनोनीत किए जाने वाले 20 प्रतिशत (14) विधायकों को भी मतदान करने का अधिकार है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मेयर चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए भाजपा की वरिष्ठ पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया था।

# 10वीं-12वीं के टॉपर्स में बेटियों ने मारी बाजी

**यूपी बोर्ड 10वीं के टॉपर**

| रैंक | नाम | अंक (%) | शहर |
|---|---|---|---|
| 1 | यश प्रताप सिंह | 587 (97.83%) | जालौन |
| 2 | अंशी | 586 (97.67%) | इटावा |
| 2 | अभिषेक यादव | 586 (97.67%) | बाराबंकी |
| 3 | ऋतु गर्ग | 585 (97.50%) | मुरादाबाद |
| 3 | अर्पित वर्मा | 585 (97.50%) | सीतापुर |
| 3 | सिमरन गुप्ता | 585 (97.50%) | जालौन |

**यूपी बोर्ड 12वीं के टॉपर**

| रैंक | नाम | अंक (%) | शहर |
|---|---|---|---|
| 1 | महक जायसवाल | 486 (97.2%) | प्रयागराज |
| 2 | साक्षी | 484 (96.8%) | अमरोहा |
| 2 | आदर्श यादव | 484 (96.8%) | सुल्तानपुर |
| 2 | शिवानी सिंह | 484 (96.8%) | प्रयागराज |
| 2 | अनुष्का सिंह | 484 (96.8%) | कौशांबी |
| 3 | मोहिनी | 482 (96.4%) | इटावा |

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड ने कक्षा 10वीं-12वीं के परिणाम आ गये हैं। इसके साथ ही टॉपरों की सूची भी जारी कर दी गई है।

इस बार भी नतीजों में लड़कियों ने बाजी मारी है। सबसे मेधावी 12 छात्रों की सूची में आठ लड़कियां है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 2025 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके साथ ही बोर्ड ने टॉपर लिस्ट भी जारी कर दी है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। इस वर्ष यश प्रताप सिंह ने टॉप करके पूरे राज्य में नाम रोशन किया है।

यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस साल 10वीं का पास प्रतिशत 90.11% रहा। इंटरमीडिएट का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15% रहा।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ का बयान 'पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा'



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है और पहलगाम के हमले से यह एक बार फिर साबित हो गया है। उन्होंने लोगों से वैचारिक और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित के बारे में सोचने की अपील की। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और इसकी सभ्यता की भावना 'वसुधैव कुटुम्बकम' (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित होती है, पूरी दुनिया अब इसे मान रही है।

### उपराष्ट्रपति ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में रखा मौन

उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के राजभवन में आयोजित राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कहा, 'हमने इस सम्मेलन के आरंभ में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई।' तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और कुलपतियों ने भी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा।

# बड़ा हादसा: राइस मिल का ड्रायर फटा, पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत

**बहराइच।** बहराइच के दरगाह थाना क्षेत्र स्थित राइस मिल का ड्रायर फटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में कन्नौज, बिहार और श्रावस्ती के मजदूर शामिल हैं।



बहराइच जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थिति रजगढिया राइस मिल में ड्रायर फट गया। इससे काम कर रहे पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली (40), बबलू (28), राजनेश कुमार (35), श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर (50) व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह (30) के रूप में हुई है।

वहीं सुखदेव, देवी प्रसाद और सुरेंद्र शुक्ला का इलाज मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में जारी है। दर्दनाक हादसे की सूचना पर डीएम मोनिका रानी, एसपी रामनयन सिंह, एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा समेत आला अधिकारी इमरजेंसी पहुंचे है। एंगल की वेल्डिंग के दौरान गिरी चिंगारी, फिर हुआ धमाका डीएम मोनिका रानी की मौजूदगी में घायल सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मिल में एक एंगल टूट गया था जिसकी वेल्डिंग हो रही थीं। इस दौरान चिंगारी गिरने से धान में आग लग गई। आग लगने के साथ ही जोरदार धमाका हुआ और सब तरफ धुआं धुआं हो गया।

# बिहार कैबिनेट में 34 प्रस्तावों पर सीएम नीतीश कुमार ने लगाई मुहर



**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद एवं राजस्व अधिकारी सह कानूनगो के 81 पदों के सृजन के प्रस्ताव पर सीएम नीतीश कुमार ने मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल कैबिनेट की बैठक संपन्न हो गई। सचिवालय स्थित कैबिनेट हॉल में हुई बैठक में मुख्यमंत्री 34 एजेंडों पर मुहर लगा दी। नीतीश सरकार ने नौकरी को लेकर किए गए अपने वादे की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। बैठक में कई बड़े विभागों में नए पदों को स्वीकृति दी गई है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान जो घोषणाएं की थी, उसपर स्वीकृति लगा दी। यानी अब राज्य के आठ जिलों (मधुबनी, गोरौल, शाम्हों, इमामगंज, अधौरा, कटोरिया, असरगंज और चकाई) में नए डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। इन कॉलेजों के लिए कुल 526 पदों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 422 पद शिक्षक वर्ग के होंगे (हर कॉलेज में एक प्रधानाचार्य) और 104 पद गैर-शिक्षक (शिक्षकेत्तर) स्टाफ के होंगे।

### 40 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई

वहीं नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा महाधिवक्ता कार्यालय में 34 स्थाई पद तथा संविदा आधारित छह पद समेत 40 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। पशु चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए 2159 पदों का पुनर्गठन किया जाएगा।

### बिहार में हवाई संपर्क को मिलेगा विस्तार

मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, बाल्मीकि नगर, भागलपुर और सहरसा में प्रस्तावित हवाई अड्डों के अध्ययन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। सीतामढ़ी जिले के मुनौरा धाम में मंदिर निर्माण के लिए नोएडा की रिसर्च डिजाइन एसोसिएट्स को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया। यह कदम धार्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा। वहीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 को बिहार में आयोजन की मंजूरी मिल गई। इसके लिए 119.04 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं, जो राज्य के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करेगा।

# 'स्वतंत्रता सेनानियों पर टिप्पणी करने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी' सावरकर विवाद पर राहुल को फटकार



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया, जिसमें मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल को उनके खिलाफ दायर वीडी सावरकर मानहानि मामले में समन किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश में उनकी टिप्पणी के लिए दर्ज मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में इस तरह के कोई भी बयान न देने की चेतावनी भी दी, क्योंकि शीर्ष अदालत इस तरह की टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकती है। पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या राहुल गांधी जानते हैं कि महात्मा गांधी भी अंग्रेजों के साथ अपने संवाद में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते थे।

'महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था' जब सिंघवी ने तर्क दिया कि राहुल के खिलाफ शत्रुता और सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने के आरोप नहीं बनते तो पीठ ने टिप्पणी की, 'आप बहुत आज्ञाकारी हैं, क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था? क्या महात्मा गांधी को केवल इसलिए 'अंग्रेजों का सेवक' कहा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने वायसराय को 'आपका सेवक' कहकर संबोधित किया था। उन दिनों मैंने भी देखा है, कलकत्ता उच्च न्यायालय के हमारे न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश को 'आपका सेवक' लिखकर संबोधित करते थे।' न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) जब प्रधानमंत्री थीं, तो उन्होंने भी इन्हीं सज्जन (सावरकर) की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था?'

उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे को नोटिस इसके बाद शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे को नोटिस जारी किया।

### 'किसी भी अन्य बयान पर स्वतः संज्ञान लिया जाएगा'

न्यायाधीश ने कहा कि तो स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान न दें। आपने कानून के बारे में अच्छी बात कही है, आप इस पर रोक लगाने के हकदार हैं। हम इस पर कुछ नहीं कह रहे हैं। पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए किसी भी अन्य बयान पर स्वतः संज्ञान लिया जाएगा। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में और कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने हमें स्वतंत्रता दिलाई है और हम उनके साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? यह सही तरीका नहीं है।

# इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन 84 वर्ष की उम्र में बंगलूरू में ली अंतिम सांस

**बंगलूरू।** प्रख्यात वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक इसरो के चेयरमैन रहे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉक्टर कृष्णा कस्तूरीरंगन नई शिक्षा नीति 2020 का ड्राफ्ट तैयार करने वाले समिति के अध्यक्ष भी रहे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बंगलूरू में अंतिम सांस ली। वे 84 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा। पूर्व इसरो प्रमुख के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया। पीएम मोदी ने कहा कि के कस्तूरीरंगन ने इसरो में बहुत परिश्रम से काम किया और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए भारत हमेशा डॉ. कस्तूरीरंगन का आभारी रहेगा।



प्रख्यात वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन का जन्म 24 अक्तूबर 1940 को केरल के एनार्कुलम में हुआ था। उन्होंने लंबे समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में सेवाएं दीं। वे 1994 से 2003 तक इसरो के चेयरमैन और भारत सरकार के सचिव रहे। 2003 में इसरो से सेवानिवृत्त होने के बाद कस्तूरीरंगन इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष बने। इसके साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सदस्य बने।

भारत सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उनको पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया। वे 2003 से 2009 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। इसके अलावा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज बंगलूरू के डायरेक्टर, नई शिक्षा नीति ड्राफ्ट कमेटी के चेयरमैन, एनआईआईटी विवि राजस्थान के चेयरमैन रहे। डॉक्टर कृष्णा कस्तूरीरंगन नई शिक्षा नीति 2020 का ड्राफ्ट तैयार करने वाले समिति के अध्यक्ष भी रहे।

### पीएसएलवी का सफल प्रक्षेपण कराया

इसरो अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में अंतरिक्ष कार्यक्रम ने कई प्रमुख उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) का सफल प्रक्षेपण और जीएसएलवी का पहला सफल उड़ान परीक्षण कराया। इसके अलावा उन्होंने उपग्रह आईआरएस-1सी और 1डी के डिजाइन, विकास और प्रक्षेपण, दूसरी पीढ़ी के निर्माण और तीसरी पीढ़ी के इनसेट उपग्रहों के प्रक्षेपण के अलावा महासागर अवलोकन उपग्रहों आईआरएस-पी3/पी4 के प्रक्षेपण की भी देखरेख की। डॉ. कस्तूरीरंगन ने उच्च ऊर्जा एक्स-रे और गामा किरण खगोल विज्ञान के साथ-साथ प्रकाशीय खगोल विज्ञान में अनुसंधान किया। उन्होंने ब्रह्मांडीय एक्स-रे स्त्रोतों, आकाशीय गामा-किरण और निचले वायुमंडल में ब्रह्मांडीय एक्स-रे के प्रभाव के अध्ययन में व्यापक और महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक, वापस भेजे जाएंगे पाकिस्तानी

**चंडीगढ।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद देशभर में कानून व्यवस्था को लेकर सभी राज्य सरकारें चौकसी बरत रही है। ऐसे में अब हरियाणा सरकार ने भी कानून व्यवस्था को लेकर बैठक करने जा रही है। सीएम नायब सैनी ने उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों पर चर्चा होगी। बैठक में मुख्यमंत्री सैनी के मुख्य प्रधान सचिव, मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, एडीजीपी सीआईडी शामिल होंगे। इससे पहले शुक्रवार दोपहर को गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उन्हें वापस भेजें।



पहलगाम आतंकी घटना के बाद मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि परस्पर सौहार्द और सामाजिक एकता को भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए गश्त बढ़ाने, स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाने के तंत्र को दुरुस्त करने और संभावित संवेदनशील क्षेत्रों पर निरंतर निगरानी बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गलत सूचना फैलाने वाले या सांप्रदायिक माहौल को खराब करने का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### जम्मू में भारत-पाकिस्तान सीमा बंद: बीएसएफ ने ऑक्ट्रॉय पोस्ट पर रोकी सभी गतिविधिया

**जम्मू।** पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के बाद सरकार ने आरएस पुरा सेक्टर में बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी स्थगित कर सुरक्षा कड़ी करने का फैसला लिया है। भारतीय सुरक्षा बलों (बीएसएफ) ने जम्मू क्षेत्र के ओक्टोरी पोस्ट पर सभी प्रकार की गतिविधियां रोक दी हैं। सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों की क्रूर हत्या के बाद सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। ऑक्ट्रॉय पोस्ट पर हफ्ते के दो दिनों में होने वाली बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को भी स्थगित कर दिया गया है।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मा० अपर प्रधान न्यायधीश, परिवार न्यायालय कक्ष सं0-03 कानपुर नगर के आदेश अन्तर्गत वाद सं0-1386/2023 मनमीत बनाम धर्मेन्द्र दिनांक-03.04.2025 के अनुपालन में धर्मेन्द्र कथूरिया पुत्र गंगाराम कथूरिया निवासी फ्लैट सं0 - 426 टावर एस.के.ए. मेट्रो विला अपार्टमेंट सेक्टर ईटा-2 थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर के नाम पर दर्ज वाहन महिन्द्रा रजि० न० - UP14FQ8209 XUV 300 (कुर्क शुदा) थाना सूरजपुर पर दाखिल उक्त वाहन की नीलामी कराने के लिए एक टीम का गठन किया गया है उक्त वाहन की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये सम्भागीय परिवहन अधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा नियत की गयी है, नीलामी की प्रक्रिया हेतु दिनांक 28.04.2025 नियत है, जो भी व्यक्ति उक्त वाहन की नीलामी प्रक्रिया में शामिल होना चाहता है, वह नियत दिनांक में समय प्रातः 10 बजे थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर परिसर में नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

प्रभारी निरीक्षक
थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर।

# विकास के लिए एक राष्ट्र-एक चुनाव जरूरी : सुरेश खन्ना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर मॉडर्न कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी 'एक राष्ट्र एक चुनाव' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष भाजपा मयंक गोयल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलग-अलग कॉलेज के युवाओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए एक राष्ट्र-एक चुनाव जरूरी है। भारत में सभी राजनीतिक दलों को हर समय चुनाव के लिए तैयार रहना पड़ता है जिससे समय और धन की बबार्दी होती है। विकास परियोजनाएं भी रुकती हैं और प्रशासनिक अमला व्यस्त रहता है। इन सब समस्याओं से निजात पाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सभी राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम जनता को अपनी सहमति जतानी चाहिए।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि एक देश एक चुनाव से देश का पैसा और ऊर्जा सही जगह पर लगेगा । सचिन डेढ़ा ने कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बताया कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का मुद्दा जन आंदोलन बनेगा और गाजियाबाद की धरती से इसका आगाज आज से हो गया है। सचिन डेढ़ा ने बताया कि राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर युवा जगह जगह संगोष्ठी करेगी। महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बड़े सुधारों की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव एक महत्वपूर्ण सुधार है। लगातार चुनावी माहौल से विकास कार्यों में बाधा आती है।

इस अवसर पर संयोजक नितिन शर्मा एवं आशीष चौधरी सहित युवा मोर्चे के पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप, महानगर उपाध्यक्ष राम त्यागी, मोनू त्यागी, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रोबिन तोमर, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, सोनू चौधरी, आशु गुर्जर सूरत सेन, विपिन यादव, मोहित ठाकुर, राहुल भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता : सरदार एस पी सिंह



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में इंदिरापुरम मंडल में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का सम्मान अभियान हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार एस पी सिंह ने वार्ड संख्या 57 में अनुसुचित समाज के प्रबुद्ध ब्रह्म सिंह जाटव,लालू प्रसाद जाटव, मोहन सिंह जाटव,अशोक जाटव, रामू जाटव, विजयपाल जाटव, भगवान जाटव, वार्ड संख्या 79 में वरिष्ठ राजनीतिज्ञ व प्रबुद्ध शांत प्रकाश जाटव का भी अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर संविधान निमार्ता भीमराव ामजी आम्बेडकर के जीवन, व्यक्तित्व एवं विचारों पर प्रकाश डाला व उत्तर प्रदेश सरकार की आठ वर्ष



की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर इंदिरापुरम मंडल से स्थानीय पार्षद राधेश्याम त्यागी, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सलेक त्यागी, दोनों मंडल महामंत्री देबाशीष दत्ता, अनिल कटारिया और शक्ति केंद्र संयोजक अजय गुप्ता साथ रहे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मेरी थी इंदिरा जी वाले भगवा ग्रुप पर नजर? मैंने देखा कार्यक्रम करने वालों ने नहीं की प्रभारी जी की फिक्र? नहीं भेजा कार्यक्रम का उनको पैगाम? कम से कम रखना चाहिए था कार्यक्रम रखने वालों को उनका ध्यान? हमने देखा प्रभारी जी ने अपने इमोशन कर दिये ग्रुप पर शेयर? कहा- महानमंत्री जी इस कार्यक्रम की जानकारी हमको क्यों नहीं दी गई? क्या ये बात है फेयर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वार्ड नं.-80 के भगवा मेंबर शर्मा जी इन दिनों पहलवान के साथ ही करते हुए दिख रहे हैं प्रोग्राम? सुना है, मंडल वालों की ओर से नहीं आ रहा है उन तक पैगाम? अभी तक देने वालों ने नहीं दी है उनको किसी भी कार्यक्रम की जानकारी? महसूस ऐसे कराया जा रहा है, जैसे हों वो भारी? हम अपने दिल से नहीं कह रहे ऐसी बातें? मेंबर के समर्थकों की ओर से ही बाहर निकलकर थी आ रहीं?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं मंत्री जी के कार्यक्रम को सुनने के लिये था मॉडर्न कॉलेज में मौजूद? यहां पर मंडल की एक संयोजिका का नहीं दिख रहा था वजूद? जब मिलाने वाले ने मिलाया मैडम की अनुपस्थिति देखकर फोन? तब हम हैरान हो गए सामने से उनकी सुनकर टोन? मैडम ने एकदम प्रतिक्रिया दे दी यार? कहा- मैसेज के निमंत्रण को मैं नहीं करती हूं स्वीकार? अगर आता मेरे पास सामने से फोन, तो मैं जरूर देती कार्यक्रम में अपने दीदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भगवा गढ़ के पूर्व क्रांतिकारी पार्षदों ने प्रैसकांफ्रेंस से हाउस टैक्स के मुद्दे पर अधिकारियों और मेयर के खिलाफ मोर्चा खोला? तब इस प्रैसकांफ्रेंस के बाद एक सीनियर पार्षद कुछ और ही बोला? उसने कहा- पूर्व वाली मेयर के कार्यकाल के दौरान ही फाइनल हो गई थी हाउस टैक्स बढ़ने की स्क्रिप्ट? तब इन्होंने क्यों नहीं किया उस वक्त इस मुद्दे को लिफ्ट? कहने वाले ने कहा- अगर, ये पूर्व उस वक्त वर्तमान रहते हुए दिखा देते इतनी क्रांति? सच बता रहे हैं आज इस मुद्दे पर रहता सबकुछ ठीक? बनी रहती शांति?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब की पूर्व वाले पार्षदों ने हाउस टैक्स खिलाफ प्रैसकांफ्रेंस? तब हैरान कर रहा था यहां पर कुछ गैर निगम वाले चेहरों का भी नजर आना? सुना है, जब हुई प्रैसकांफ्रेंस खत्म, तब भगवा मेंबर ने मार दिया वैश्य चेहरे को ताना? कहा- हमें हजम नहीं हो रहा आपका वहां जाना? आपको अगर हम कराएं इतिहास याद, तो आपको पता चलेगा ये उस वक्त खामोश थे, जब हाउस टैक्स को बढ़ाने की कावयद अंदरखाने चल रही थी बेहिसाब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रांतिकारी विधायक के प्रिय पूर्व विधायक ने दिखाया था ट्रांसफर के बाद पूर्व कमिश्नर से मोहब्बत का रूप? सुना है इस रूप के सामने आने के बाद उनका विरोध हुआ था खूब? मगर, हमें अंदर से मिली है जानकारी? इस मुलाकात के बाद क्रांतिकारी विधायक ने नहीं की थी कोई तीखी प्रतिक्रिया जारी? उन्होंने इस मुलाकात को औपचारिक बताकर कर दिया था रफा-दफा? दे दिया था देने वालों को संदेश? वो हर परिस्थिति में हमारे हैं? हम नहीं हो सकते हैं उनसे खफा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आखिर मोटे डोले वाले भगवा चौरसिया को हो गया है इस बात का ज्ञान? वो कितनी ही मेहनत कर लें, कामयाब नहीं हो रहा है उनका प्लान? उन्होंने अपनों पर ही मारा है एक शायरी से तंज? कह दिया है कोई भी इस मुहिम में हमारा साथ नहीं देगा, इसलिये अब धोखे मिलने पर भी हम नहीं होते हैं ज्यादा दंग?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें जो सूचना मिली है उससे उड़ सकती है कई चेहरों की स्माइल? हमें पता चला है कि संगठन की पूरी घोषणा से पहले नहीं आने वाली है नामित वाली फाइल? अभी करना होगा तमाम दावेदारों को फाइल आने का इंतजार? अभी नहीं आती दिख रही है उनके चेहरे पर बहार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम जब भी जाते हैं विधायक सुनील शर्मा के कार्यालय पर, तो वहां पर हमें होते हैं हमेशा रौनक वाले दीदार? कभी सांवरिया जी, तो कभी मित्तल जी, तो कभी बीप-बीप वाले चाचा, वहां पर बंटे हुए नजर आते हैं यार? खूब दिखाई देता है वहां पर रेड वाले मैन का फेस? महिम भैया के साथ-साथ करण भैया भी देते हैं मोहब्बत का संदेश? कहने वाले ने कहा-ये तो गिना रहा हूं मैं आपको चंद नाम? जाकर देखना कभी उनके ऑफिस को कार्यकताओं की भीड़ जुटती है वहां पर तमाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही बैठे-बैठे मेरे दिमाग में आया है एक ख्याल? एक विधायक ही फुड़वा रहे हैं सांसद जी से नारियल? बाकी विधायक ना जाने क्यों, नहीं रख रहे हैं इस बात का ख्याल? शहर वालों ने तो नारियल फुड़वाकर तोड़ दिये हैं सारे रिकॉर्ड? मगर, लोनी से लेकर धौलाना और धौलाना से लेकर मुरादनगर तक अभी तक सुनाई नहीं दी है हमें फूटते हुए नारियल की चोट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कानपुर जनपद में दिनेश कुमार गोयल ने समिति के सदस्यों व विद्युत उच्चाधिकारियो के साथ बैठक की



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को कानपुर कलेक्ट्रेट में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ एवं जिला कानपुर में कानपुर नगर व कानपुर देहात के विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर कानपुर नगर व कानपुर देहात के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने विद्युत विभाग की समीक्षा में पूछा कि वर्तमान समय में उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मरों की क्या स्थिति है ? लाइन ठीक कराए जाने की क्या स्थिति है और सब स्टेशन पर कितने कर्मचारी फीडर वार कार्यरत है ? विद्युत चोरी रोकने के लिए क्या उपाय किए गए। इन महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता की और कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा 1912 का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए ऐसी पॉलिसी विद्युत विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाए।

इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ सलिल विश्नोई, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विजय बहादुर पाठक डॉ रतन पाल सिंह सदस्यगण विधान परिषद, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व एम डी दक्षिणांचल चीफ व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद लोगों को सिरोली गांव में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

## एबीवीपी जिला सह संयोजक नागेश गुर्जर ने कहा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए लोनी क्षेत्र के ग्राम सिरोली में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा का नेतृत्व लोनी विधायक के पुत्र एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के जिला सह-संयोजक नागेश गुर्जर ने किया। कैंडल मार्च के दौरान युवाओं में आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने देशविरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई। अंत में आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया गया।

इस अवसर पर नागेश गुर्जर ने कहा पहलगाम में हमारे निर्दोष भाईयों की हत्या एक कायराना हरकत है। यह हमला सिर्फ उन लोगों पर नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा पर हमला है। हम शहीदों को नमन करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ देश के हर कोने में आवाज बुलंद करेंगे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं, ग्रामीणों ने भाग लिया और आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता का संदेश दिया।

## पहले घर की गंदगी साफ की जाए : सुभाष गर्ग



गाजियाबाद, करंट क्राइम। 22 अप्रैल को जो नरसंहार पहलगाम में हुआ। वह बहुत ही निन्दनीय है। इसकी जितनी निंदा की जाये कम है। यह जो आतंकवादी घटना हुई है। इसे कोई बाहर से आकर नहीं कर सकता। जब तक आतंकवादी को हमारे देश में कोई ठौर-ठिकाना,खाने पीने का,सारा नक़्शा,सारा सूचना तन्त्र के बिना ये घटनाएँ नहीं हो सकतीं। आज जम्मू कश्मीर में जितने भी आतंकवादी हैं। उससे सौ गुना उनको सहयोग करने वाले हैं। हमारे सुरक्षा बलों को उन पर नकेल कसनी चाहिए। इन सहयोगियों पर ठीक से नकेल लगती है तो बहुत कुछ आतंकवाद पर काबू पाया जा सकता है।

## हमको जात-पात से ऊपर उठकर देश की रक्षा के लिए आना होगा : हिमांशु शर्मा



गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। इसके विषय में कुछ नहीं कहा जा सकता, मैं निशब्द हूं। परंतु देश के लिए हम सभी को जात-पात से ऊपर उठकर एक सूत्र में बांधते हुए देश की रक्षा के लिए, अपने परिवार की रक्षा के लिए, अपने धर्म की रक्षा के लिए आगे आना होगा। मैं देश के प्रधानमंत्री से आग्रह करता हूं कि ऐसी घटना का पाकिस्तान को जवाब दिया जाना चाहिए।

## पहलगाम की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : ओम दत्त कौशिक



गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद ओम दत्त कौशिक ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले द्वारा 28 निर्दोष लोगों के मारे जाने पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि पहलगाम की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक लंबे समय के बाद आतंकवादियों ने अपने नापाक इरादों को अंजाम दिया है। अब पूरा देश सरकार से यह उम्मीद कर रहा है कि वह कठोर कार्रवाई करें मुझे पूरी उम्मीद है कि सरकार आतंकियों को और आतंक के ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट करेंगी।

## आतंकवाद जड़ से खत्म हो : अजय प्रमुख



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जाट महासभा भारत अजय प्रमुख ने कश्मीर के पहलगाम की घटना में आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष लोगों के मारे जाने पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करना चाहिए। उन्होंने सरकार से इस घटना की गहराई से जांच करने के लिए गुजारिश की। साथ ही कहा कि घंटों तक आतंकवादियों द्वारा निर्दोष सैलानियों का नरसंहार होता रहा कोई भी सुरक्षा कर्मी वहां तैनात नहीं था। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों पर सवाल खड़ा होता है। सरकार को गहराई से जांच करनी चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए हम सभी सरकार के साथ हैं।

## आतंकियों के साथ पाकिस्तान का भी खत्मा होना चाहिए : विपिन गोयल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सहसंयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा गाजियाबाद व अध्यक्ष संजय नगर सेक्टर-23 राजनगर व्यापार मंडल गाजियाबाद विपिन गोयल ने पहलगाम में हुए आतंकवादियों के हमले पर कहा कि भारत सरकार को आतंकवादियों के साथ-साथ पाकिस्तान का भी खत्म कर देना चाहिए। क्योंकि पाकिस्तान में ही आतंकवादियों का जन्म होता है। ऐसी दुख की घड़ी में भारत सरकार को सभी देशों का व राजनीतिक पार्टियों का व आम जनता का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने उग्रवादियों और पाकिस्तान के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर भारत सरकार को जरूरत पड़ी तो हम भी बॉर्डर पर जाकर लड़ने के लिए तैयार हैं। इस समय पीओके पर विजय प्राप्त करने का अच्छा मौका है सरकार को इस पर गहराई से विचार करना चाहिए।

## आतंकवाद का खात्मा जरूरी : रईस अहमद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर ताजिएदार तथा सिहानी गेट कब्रिस्तान के मुतवल्ली रईस अहमद ने पहलगाम नरसंहार पर कड़ा रोष प्रकट किया है। उनका कहना है कि यह हमला पूरे देश की अस्मिता पर हमला है। उन्होंने कहा कि चुनौती और संकट की इस घड़ी में पूरा देश एक है और हम अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हैं। रईस अहमद ने कहा कि अब सरकार कठोर कदम उठाये और आतंकवाद का खात्मा जरूरी है। देश में एक बड़ा अभियान चले और देश विरोधी ताकतों को नेस्तेनाबूद किया जाये। आतंक के लिए भारत में कोई स्थान नहीं है और सरकार ऐसा कठोर कदम उठाये कि शत्रु देश भी हमारे खिलाफ षडयंत्र करने से पहले कई बार सोचे।

## ट्रांस हिंडन व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने निकाला कैंडल मार्च



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ट्रांस हिंडन द्वारा जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। जिनमे सैकड़ों लोग केंडल मार्च निकाला। इस मौके पर महामंत्री अनिरुद्ध वशिष्ठ ने कहा कि 26 मौतों का बदला ऐसा होना चाहिए कि पाकिस्तान की सात पुस्तै याद रखें। जिस दिन ये बदला पूरा होगा उस दिन इसी चौक से शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय रस्तोगी, पार्षद नीलम भारद्वाज, मोनिका पंडित, अनिल शर्मा , नीरज त्यागी, मोती जिंदल, नवीन जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## घूकना मोड व्यापार मंडल ने निकाला कैंडल मार्च

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में घूकना मोड व्यापार मंडल ने कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज त्यागी, शुभ आनंद त्यागी, एडवोकेट अदनान अहमद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## नागरिकों को बेहतर जन सुविधा उपलब्ध करायें : पालिका अध्यक्ष विभू बंसल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद पिलखुवा में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने समस्त स्टाफ के बैठक की। इस बैठक में विभू बंसल ने पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को आम नागरिकों को बेहतर जन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए और कार्यालय आने वाले नागरिकों का समय पर कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिये।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी के युवा भाजपा नेता नितिन मावी ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान नितिन मावी ने अनुराग ठाकुर को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। नितिन मावी ने इस मुलाकात के बाद जम कर अनुराग ठाकुर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को वास्तव में राजनीति से लेकर सामाजिक दायित्वों में बहुत कुछ अनुराग ठाकुर से सीखने की जरूरत है।

# पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने महिला शक्ति को कराया संसद भ्रमण



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को पिलखुवा नगर से अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन रजिस्टर महिला ईकाई पिलखुवा की सभी सम्मानित 51 महिला शक्ति को संसद भ्रमण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने बस को हरी झंडी दिखा कर दिल्ली रवाना किया। इस अवसर पर नीरा कंसल, रानी बंसल, मीनाक्षी गोयल, ज्योति गोयल,बबली, सचिन मित्तल,कैलाशी अश्वनी,अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन रजिस्टर महिला ईकाई पिलखुवा की सभी सम्मानित महिला शक्ति उपस्थित रहीं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता तथा व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया इन दिनों तीर्थ यात्रा पर हैं। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ मां वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन किये। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने अपनी आस्था श्रद्धा और धर्म की इस भावना को सोशल मीडिया पर अपने मित्रों के साथ साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।